हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024

**तापमान**

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16.9 डिग्री

## मौसम की आंखमिचौली, कभी ठंड तो कभी गर्मी, रात का तापमान और बढ़ेगा



*पश्चिम बंगाल से लगातार आ रही नमी और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में ठंड-गर्मी का दौर जारी है। अभी रात का तापमान सामान्य से ज्यादा है, जिसमें और वृद्धि होने की संभावना है। 27 दिसंबर से मौसम में और बदलाव होगा, जिसके बाद महीने के अंतिम दिनों में ठंड की वापसी होगी। जोरदार ठंड के बाद देश को प्रभावित करने वाला पश्चिमी विक्षोभ लगातार सक्रिय हो रहा है, जिसकी वजह से प्रदेश में ठंड का असर कम हो चुका है। सरगुजा संभाग में तापमान सामान्य से अधिक रिकार्ड किया जा रहा है। इसके अलावा मध्य और बस्तर संभाग में भी ठंड जैसे गायब हो चुकी है। सुबह के वक्त ठंड महसूस हो रही, फिर देर रात हल्की गर्मी का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, अभी एक चिन्हित निम्नदाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल* ▶▶ शेष पेज 13 पर

- बंगाल की खाड़ी से नमी आने का दौर जारी

# ठिठुरन गायब, पर धुंध अब भी, उड़ानों पर इसका असर, तीन घंटे लेट पहुंची कोलकाता फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

मौसम के बदलाव की वजह से सुबह के वक्त छा रही धुंध का असर विमानों की आवाजाही पर हो रहा है। लगातार तीसरे दिन विभिन्न शहरों से रायपुर आने वाली फ्लाइट का संचालन विलंब से हुआ। कोलकाता की पहली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से तीन घंटे विलंब से पहुंची। इसी तरह दिल्ली, मुंबई, गोवा और बेंगलुरु की उड़ान का संचालन भी देर से किया गया। दूसरे देशों में आने वाला पश्चिमी विक्षोभ भारत के मौसम को प्रभावित कर रहा है। इसके प्रभाव से कई इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है तो कुछेक हिस्सों में गर्मी जैसी स्थिति है। सुबह के वक्त कोहरे और धुंध का असर भी काफी मात्रा में आवाजाही के साधनों को प्रभावित कर रहा है। रायपुर के लिए संचालित विमान सेवा पर भी इसका असर नजर आ रहा है। शनिवार को माना में लो विजिबलिटी की वजह से आधा दर्जन विमानों को दूसरे शहर डायवर्ट करना पड़ा था। रविवार को भी सुबह के शेड्यूल में संचालित होने वाली फ्लाइट लेट से आई थी। सोमवार को भी स्थिति में बदलाव नहीं हुआ और दिनभर आवाजाही करने वाली फ्लाइट की उड़ानों में देरी होती रही। सुबह कोलकाता से रायपुर आने वाली पहली फ्लाइट अपने ▶▶ शेष पेज 13 पर

## दिल्ली, मुंबई, गोवा, बेंगलुरु की उड़ान भी लेटलतीफी से संचालित

### छुट्टियां शुरू, यात्री बढ़े

स्कूलों में ठंड की छुट्टियां शुरू होने के बाद घूमने-फिरने जाने वालों की वजह से विमानतल में भी यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए लोगों ने काफी समय पहले से अपना प्रोग्राम बना लिया था और टिकटों की बुकिंग कर ली थी। ट्रैवल्स कारोबारियों का कहना है कि यात्रियों की संख्या अब जनवरी के प्रथम सप्ताह तक बढ़ी हुई रहेगी।





### अगले माह नई फ्लाइट

रायपुर से अगले माह नई फ्लाइट का संचालन शुरू होगा। हैदराबाद के लिए के साथ दो नई उड़ान 10 जनवरी से प्रारंभ किए जाने की घोषणा की जा चुकी है। इसके अलावा कुछ नए सेक्टरों में विमानों की संख्या बढ़ाने की कवायद की जा रही है। रायपुर से विशाखापट्टनम जाने वाली फ्लाइट का भी काफी इंतजार किया जा रहा है इसके अलावा मुंबई की फ्लाइट की संख्या बढ़ाए जाने की संभावना है।

## जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर ने साथियों के साथ मिलकर मचाया उत्पात



**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश ओम दुबे ने जेल से छूटने के बाद अपने साथियों के साथ मिलकर रविवार रात जमकर उत्पात मचाया। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। बदमाशों ने दूसरे पक्ष के ऊपर जमकर लाठी, डंडे चलाने के साथ चाकू चलाए। घटना के बाद पुरानी बस्ती पुलिस ने ओम दुबे तथा उसके साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। बदमाशों की पतासाजी की जा रही है।

बदमाशों के उत्पात मचाने का जो सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, उसके मुताबिक, अश्वनी नगर स्थित सोनकर स्कूल के पास ओम दुबे अपने साथी हैप्पी रांगी तथा दर्जनभर साथियों के साथ वसीम नामक युवक ▶▶ शेष पेज 13 पर

### भगदड़ न मचे, इसलिए साढ़े चार सौ पुलिसकर्मी सुरक्षा में रहेंगे तैनात

# मेरठ भगदड़ से मिली सीख, पं. प्रदीप मिश्रा के कथास्थल पर तगड़ा घेरा, कई मार्ग डायवर्ट


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ख्यात कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से बुधवार से सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज के पास खाली मैदान में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। कथावाचन 30 दिसंबर तक चलेगा। श्री शिव महापुराण कथा सुनने रोजाना दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। कार्यक्रम में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसे ध्यान में रखते हुए साढ़े चार सौ पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। इनमें आधा दर्जन राजपत्रित ▶▶ शेष पेज 13 पर

- कथा सुनने रोज औसतन दो लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

### इन रास्तों पर प्रवेश प्रतिबंधित

संतोषी नगर चौक से भरेंगाभाठा चौक तक भारी वाहनों का सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पुराने धमतरी रोड से भखारा होकर रायपुर आवागमन करने वाले चारपहिया वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। भखारा से सेजबहार मार्ग पर जीडी गोयनका स्कूल के सामने डायवर्सन रहेगा। संतोषी नगर से सेजबहार मार्ग पर माता कौशल्या विहार चौक पर डायवर्सन रहेगा।



### मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

आयोजन के दौरान मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज व भखारा होकर धमतरी आवागमन करने वाले सभी लोगों से धमतरी, कुरुद, अभनपुर, माना, रायपुर रोड का उपयोग करने के लिए कहा गया है। ई-रिक्शा, ऑटो को पार्किंग स्थल तक जाने की अनुमति रहेगी। कार्यक्रम स्थल तक जाने आयोजक, कथावाचक के साथ वीआईपी वाहनों को अनुमति होगी।

### 50 हजार वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था

कथा में शामिल होने आने वालों के लिए एक से दो किलोमीटर की दूरी पर आठ जगह गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पार्किंग व्यवस्था दूर-दूर रखने की वजह ट्रैफिक जाम से बचने के लिए है। कथा सुनने आने वाले लोग डेढ़ किलोमीटर दूर पैदल चलकर कथा स्थल पहुंचेंगे।

### यहां रहेगी जाम की स्थिति

कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम के दौरान शहर के कई व्यस्त मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित रहेगी। टिकरापारा से सेजबहार के लिए रोजाना औसतन एक लाख गाड़ियां गुजरती हैं। इसके चलते सुबह तथा शाम के समय संतोषीनगर चौक एवं कार्यक्रम स्थल के सामने जाम लग सकता है। इसके अलावा रायपुर-धमतरी मार्ग पर माना, ▶▶ शेष पेज 13 पर

## एम्स के डॉक्टर करेंगे तीजन बाई का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



पद्म विभूषण से सम्मानित पंडवानी कलाकार तीजन बाई का इलाज एम्स के डॉक्टर करेंगे। साथ ही उनकी देखभाल के लिए घर में एक डॉक्टर और फिजियोथिरेपिस्ट का इंतजाम किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी के निर्देश पर उन्हें मोटराइज्ड रिमोट कंट्रोल आटोमेटिक बेड, व्हीलचेयर और बेड टेबल उपलब्ध कराए गए हैं।

पंडवानी कलाकार तीजन बाई को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनके समुचित उपचार की व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को जिम्मेदारी दी थी। श्री जायसवाल पिछले दिनों उनसे मिलने घर पहुंचे और पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी। उन्होंने तीजन बाई के उपचार के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए थे, जिसके तहत तीजन बाई के स्वास्थ्य की नियमित जांच एम्स के डॉक्टरों द्वारा की जाएगी। इसके अलावा निवास ग्राम गनियारी में चिकित्सकीय सुविधा के लिए एक चिकित्सा अधिकारी और फिजियोथिरेपिस्ट को नियुक्त किया है। दोनों डॉक्टर तीजन बाई के स्वास्थ्य की जांच कर रोजाना मेडिकल रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

# कुंभ जाने 60 हजार से अधिक टिकट बुक, होटल पैक, अब ठहरने आईआरसीटीसी की टेंट सिटी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ की शुरुआत हो जाएगी। 12 वर्ष बाद लगने वाले इस महाकुंभ के आयोजन के लिए हर स्तर पर भव्य तैयारी की जा रही हैं। जहां देश-विदेश से 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना बताई जा रही है तो वहीं अभी तक प्रयागराज के लिए जोन से लगभग 60 हजार से अधिक लोगों ने बुकिंग करा ली है, जिसमें प्रतिदिन लोग 800 से हजार की संख्या में लोग छत्तीसगढ़ से महाकुंभ में शामिल होंगे। पहले दिन के लिए 12 जनवरी को बुकिंग काफी है। बरौनी एक्सप्रेस और सारनाथ में केवल रायपुर से ही एक हजार से अधिक लोग प्रयागराज जा रहे हैं। दुर्ग से भी बुकिंग 100 से अधिक बताई जा रही है। उसलापुर से भी यह बुकिंग 200 से अधिक है।

- रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर से सर्वाधिक बुकिंग, स्पेशल ट्रेनों में भी वेटिंग 50 के पार



### छत्तीसगढ़ समेत मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से पहुंचे अधिक श्रद्धालु

बीते दिनों उत्तरप्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड कुंभ का न्योता लेकर आए थे। इस दौरान उन्होंने बताया था कि रेल प्रशासन के आकलन के अनुसार मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात और महाराष्ट्र से करोड़ों श्रद्धालु पहुंचेंगे। इन सभी का भार प्रयागराज के 9 रेलवे स्टेशनों पर रहेगा, क्योंकि रेलवे इस दौरान देशभर से महाकुंभ के लिए 1300 से ज्यादा विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा।

### महाकुंभ में आईआरसीटीसी की टेंट सिटी की बढ़ी बुकिंग

महाकुंभ में पहले दिन के लिए ज्यादातर होटल पैक बताए जा रहे हैं, जिसके बाद अब लोग आईआरसीटीसी की टेंट सिटी की बुकिंग करा रहे हैं। पहली बार आईआरसीटीसी महाकुंभ क्षेत्र में यात्रियों के रहने के लिए डीलक्स लग्जरी टेंट की सुविधाएं उपलब्ध कराने जा रहा है। जो यात्री प्रयागराज की यात्रा करेंगे, वे अपने यात्रा पैकेज के साथ टेंट सिटी की भी बुकिंग करा सकेंगे।

### ऐसा होगा प्लेटफार्म का सिस्टम

जिन जिन राज्यों की ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी रहेंगी, उन यात्रियों को होल्डिंग एरिया से प्लेटफार्म के लिए रवाना किया जाएगा। इससे भगदड़ की संभावना खत्म रहेगी। दरअसल यह प्रयोग इस साल दिवाली और छठ की भीड़ कंट्रोल करने के लिए राजधानी दिल्ली समेत देश के कई बड़े स्टेशनों पर किया गया था। इसी मॉडल को अब प्रयागराज जंक्शन पर उत्तर मध्य रेल प्रशासन द्वारा अपनाया जाएगा। कुंभ में करोड़ों यात्रियों के आने की संभावना है। इसके मद्देनजर हमने स्थानीय लोकल यात्रियों के लिए कलर कोडिंग की व्यवस्था की है, जिससे उनको आइडेंटिफाई करेंगे। जबकि बाहर से रिजर्व यात्रियों के लिए सभी स्टेशनों के सभी दिशाएं आवागमन के लिए उपलब्ध रहेंगी। इसके लिए रेलवे से जुड़े तमाम इंफ्रास्ट्रक्चर अब दुरुस्त किए गए हैं।

## महाराष्ट्र निर्मित शराब बरामद, एक गिरफ्तार



**रायपुर।** बाइक पर महाराष्ट्र निर्मित शराब लेकर जा रहे राजनांदगांव निवासी संतोष गुप्ता को आबकारी की टीम ने मोतीबाग के पास पकड़ा। उसके कब्जे से 14 लीटर शराब जब्त की गई है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है।

टैक्सी चाहिए
हरिभूमि समाचार पत्र में रात्रि पेपर पार्सल ले जाने हेतु मारूति इको, टाटा मैजिक, ई-रिक्शा, टैक्सी की आवश्यकता है।
रायपुर से सारागांव
संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

# प्रशासक के बैठने से पहले ही महापौर-सभापति और सदस्यों ने निगम दफ्तर आना-जाना छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम चुनाव के लिए शहर के 70 वार्डों का आरक्षण पूरा होने के बाद अब महापौर पद पर आरक्षण को लेकर लोगों की नजरें टिकी हुई हैं। 27 दिसंबर को महापौर पद के लिए लॉटरी के माध्यम से आरक्षण तय होना है। इसे लेकर दावेदार बेचैन हैं, वहीं 5 जनवरी को महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। ऐसे में 6 जनवरी की सुबह एजाज ढेबर महापौर पद से इस्तीफा देंगे। प्रशासन के हाथ निकाय की कमान होगी। इधर गांधी सदन में प्रशासक के बैठने से पहले महापौर ▶▶ शेष पेज 13 पर



*ढेबर का कार्यकाल 5 जनवरी को हो रहा समाप्त, 6 जनवरी की सुबह देंगे इस्तीफा*

### 29 साल बाद प्रशासक बैठना तय

नगर निगम में 29 साल बाद प्रशासक बैठना तय है। अविभाजित मध्यप्रदेश का वह दौर फिर वापस होते दिख रहा है, जब तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार ने 5 सितंबर 1987 से 3 जनवरी 1995 तक प्रदेश के नगर निगमों में प्रशासक बिठा दिया। प्रदेश में राज्य निर्माण के बाद यह पहला मौका होगा, जब शहरी सरकार का कार्यकाल पूरा होने के बाद नगरीय निकाय चुनाव समय पर नहीं होते दिख रहा है। रायपुर नगर निगम सहित प्रदेश के 10 नगरीय निकायों में ऐसी स्थिति में प्रशासक बैठेंगे।

शुरू हो गया
आपके शहर रायपुर में
FUN WORLD
दुबई थीम कार्निवल
खाना, खरीदी व मनोरंजन एक साथ




रोज़ाना शाम 4 से रात्रि 10 बजे
गॉस मेमोरियल मैदान
काली मन्दिर के सामने, आकाशवाणी के पास, रायपुर

# घसीटे गए कार्यकर्ता, दो बैरिकेड तोड़ने के बाद वॉटर कैनन से बौछारें, नहीं लांघ सके अंतिम रेखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सोमवार को सीएम हाउस घेरने निकली युवा कांग्रेस की पुलिस से जमकर झूमाझटकी हुई। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस द्वारा पहले से ही बैरिकेड्स लगा दिए गए थे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने तीन लेयर में बैरिकेड्स लगाए थे। यूथ कांग्रेस शुरुआती दो लेयर को ही लांघ सकी। इसके बार पुलिस द्वारा वॉटर कैनन से पानी की बौछारें शुरू कर दी गईं। इसके बाद भी कई कार्यकर्ता आगे बढ़ने डटे रहे। इस दौरान ही पुलिस से उनकी जमकर झूमा-झटकी हुई। इस दौरान दर्जनभर कार्यकर्ताओं को खरोंचें और हल्की चोटें आई हैं। हालांकि गंभीर रूप से कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी घायल नहीं हुए। कांग्रेस के विभिन्न इकाइयों के तीन हजार से अधिक कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

■ तीन लेयर में लगाए गए थे बैरिकेड्स, प्रदर्शनकारियों ने तोड़े दो लेयर

## यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन में पुलिस संग जमकर झूमाझटकी, दर्जनभर चोटिल





### युवाओं से घबरा रही है सरकार

*युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की उपस्थिति एवं प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा, जब मैं इस स्थल में आने के लिए निकला था तब मैंने देखा की जगह-जगह प्रशासन द्वारा रोकने के लिए घेराबंदी और नाकेबंदी की गई है। इससे तो यह साबित होता है कि यह सरकार युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से घबरा चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, भाजपा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश की जनता परेशान हो गई है। आज युवाओं के पास रोजगार नहीं है। नशे का व्यापार खुलेआम हो रहा है। पूरे प्रदेश में लूट, चोरी एवं बलात्कार की घटनाएं आम बात हो गई है।*

सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकताएं भी इसका हिस्सा रहीं। सोमवार दोपहर 12 बजे से कार्यकर्ता गांधी मैदान में एकत्र होने लगे थे। वरिष्ठ नेताओं के संबोधन पश्चात उन्होंने घेराव के लिए कूच किया। आकाशवाणी काली माता मंदिर के पूर्व ही पुलिस बल द्वारा उन्हें रोक लिया गया। बेरोजगारी और प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर यह घेराव किया गया।

### दो लेयर के बाद सख्ती

पुलिस द्वारा पहले लेयर की बैरिकेडिंग नगर-निगम भवन के थोड़े आगे की गई थी। दूसरे लेयर की बैरिकेडिंग महिला थाने से थोड़ा आगे एक निजी अस्पताल के समक्ष की गई थी। इन दो लेयर को कार्यकर्ताओं ने आसानी से तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस बल द्वारा सख्ती बरती गई और प्रदर्शनकारियों को तीसरे लेयर तक पहुंचने ही नहीं दिया गया। पानी की तेज बौछारों का सामना महिला कार्यकर्ताओं को भी करना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**रायपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी आनंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी द्वारा धरसींवा के ग्राम बाना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को किया गया। इस मौके पर ग्राम की सरपंच अर्चना जनक निषाद ने कहा कि रासेयो का यह सात दिवारीय शिविर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छा अवसर था ग्रामीण परिवेश से जुड़ने का और वहां कार्य करने का। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से ग्रामीण भी स्वयं को ऊर्जावन महसूस करते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि कॉलेज द्वारा आगे भी रासेयो के कार्यक्रम समय-समय पर गांव में आयोजित किए जाएं। इस शिविर के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में प्रतिदिन अलग- अलग वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था कि विभिन्न विषयों जैसे कि डिजिटल लिटरेसी, न्यूमरोलॉजी कॅरियर मार्गदर्शन आदि पर वक्ताओं ने स्वयंसेवकों के समक्ष अपनी बात रखी। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह, डॉ. अभया जोगलेकर व रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएम गजपाल आदि शामिल थे।

### धरसींवा महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय गणित दिवस

**रायपुर।** शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का विषयवस्तु दैनिक जीवन में गणित पर आधारित था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. निधि देवांगन ने रामानुजन द्वारा दिए गए प्रमेय एवं गणितीय सूत्रों की जानकारी दी। जी. नागभार्गव, सुनीता दुबे, स्वाति शर्मा, रश्मि कुजूर, शीतल वर्मा, दीक्षा साहू, कन्हैयालाल, गरिमा देवांगन, नोना धीवर सहित सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

### आरडीए में ट्रांसजेंडरों की कार्यशाला



**रायपुर।** ट्रांसजेंडरों के लिए केंद्र सरकार द्वारा दिए गए नागरिक अधिकार, सुरक्षा, भेदभाव दूर करने तथा शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देने रायपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नेशनल काउंसलिंग फॉर ट्रांसजेंडर कौंसिल की सदस्य विद्या राजपूत, रवीना बरिहा, पप्पी देवनाथ ने संबोधित किया। महासमुंद की ट्रांसजेंडर रवीना बरिहा ने विधि की शिक्षा प्राप्त की है। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि भगवान राम ने लंका से अयोध्या लौटने के बाद किन्नरों की भक्ति से प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिया। इसी कारण ट्रांसजेंडरों को विशेष शक्तियां प्राप्त हुई हैं। समाज में एक खास स्थान मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने वर्ष 2019 में ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिकारों का संरक्षण अधिनियम 2019 पारित किया।

## जिप सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सदस्य का 28 को आरक्षण

# पंचायतों के लिए लॉटरी का ऐलान, 30 को तय होगा मेयर-पालिका अध्यक्ष का आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। खास बात ये है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने एक हफ्ता पहले ही पूर्व में जारी आरक्षण की समय सारिणी को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया था। अब विभाग ने एक बार फिर आरक्षण का नया टाइम टेबल जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक, सोमवार से आरक्षण के लिए सूचना का प्रकाशन करने तथा 30 दिसंबर तक यह काम पूरा करने का आदेश जारी किया है। इधर, नगरीय निकायों के लिए आरक्षण भी तय हो गया है। मेयर, पालिका अध्यक्षों की लॉटरी 30 दिसंबर को निकाली जाएगी।

### संचालक, कलेक्टरों को भेजा गया आदेश

पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया शुरू करने के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग संचालक पंचायत एवं राज्य के सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि आरक्षण के लिए संशोधित समय सारिणी भेजी जा रही है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धाराओं और प्रावधान के मुताबिक, आरक्षण की कार्यवाही पूरी की जाए।

30 दिसंबर को जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी।




### ये है आरक्षण का टाइम टेबल

- 23 दिसंबर को जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद की कार्रवाई के लिए सूचना का प्रकाशन
- 28 दिसंबर को जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए आरक्षण व अधिसूचना का प्रकाशन
- 29 दिसंबर को आरक्षण की जानकारी प्रेषित की जाएगी। इसमें जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच के पद के प्रवर्गवार आरक्षण की जानकारी भेजने कलेक्टरों को कहा गया है।

### जल्द चुनाव कराए जाने की अटकलें फिर तेज

अब से पहले 16 दिसंबर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने संचालक पंचायत एवं राज्य के सभी कलेक्टरों को भेजे गए आदेश में कहा था कि पंचायतों के आरक्षण के लिए जो समय सारिणी जारी की गई थी, उसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। इस आदेश के बाद अटकलें शुरू हो गई थीं कि पंचायतों के चुनाव कुछ समय के लिए टल गए हैं, लेकिन सोमवार को एक बार फिर आरक्षण के संबंध में आदेश जारी होने और नया टाइम टेबल जारी होने के बाद फिर यह चर्चा तेज हो गई है कि पंचायतों के चुनाव जल्द कराए जाएंगे।

### दोनों चुनाव साथ कराने की कोशिश भी

इधर सियासी हल्कों में यह चर्चा भी है कि राज्य सरकार पंचायत और नगरीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की तैयारी में भी है। दरअसल इस संबंध में कुछ महीने पहले विधानसभा में ये दोनों चुनाव एक साथ कराने के संबंध में कहा गया था कि इस संबंध में जनता से राय ली जाएगी। इस काम के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी की कमेटी ने जनता से सुझाव लेने के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार के सौंप दी है। स्थानीय चुनाव को लेकर राज्य सरकार ने विधानसभा में कुछ विधेयक भी पारित कराए हैं। इनमें नगरीय निकायों के मेयर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की बात शामिल है। इसी क्रम में एक विधेयक निकायों का कार्यकाल बढ़ाने संबंधी विधेयक भी पारित किया गया है। नगरीय निकायों के चुनाव के सिलसिले में अब तक वार्डों का आरक्षण किया जा चुका है, लेकिन मेयर और अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण नहीं हुआ है। हालांकि निकाय और पंचायत चुनाव के लिए ओबीसी वर्ग को आरक्षण देने की प्रक्रिया पहले ही छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की अनुशंसा के आधार पर तय कर ली गई है।

### 27 को निकलेगी मेयर, पालिका अध्यक्षों के लिए लॉटरी

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव के लिए 27 दिसंबर को मेयर, नगर पालिकाध्यक्ष, और नगर पंचायत अध्यक्षों के लिए आरक्षण किया जाएगा। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सूचना जारी कर दी है। बताया गया है कि प्रदेश के सभी निगमों, पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए एक साथ आरक्षण किया जाएगा। यह प्रक्रिया 27 तारीख को सुबह साढ़े दस बजे स पं. दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज परिसर में होगी। यह पूरी प्रक्रिया दो घंटे में पूरी कर ली जाएगी। जो लोग इस प्रक्रिया को देखना चाहते हैं वे ऑडियोरियम में आ सकते हैं।

## तेलीबांधा, पंडरी और फाफाडीह में बॉक्स क्रिकेट कांप्लेक्स का जल्द होगा लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर के युवाओं और बच्चों को खेलकूद के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने नगर निगम पहल कर रही है। इसके लिए शहर के 3 चयनित स्थानों पर बॉक्स किक्रेट कांप्लेक्स विकसित किया गया है। तेलीबांधा, पंडरी और फाफाडीह क्षेत्र में बनाए गए बॉक्स क्रिकेट कांप्लेक्स का लोकार्पण जल्द होगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने फाफाडीह एक्सप्रेस-वे के नीचे पहुंचकर वहां बन रहे बॉक्स क्रिकेट कांप्लेक्स का स्थल निरीक्षण किया।

■ बच्चों व युवाओं को खेलों के लिए मिलेगा सुरक्षित स्पेस

नगर निगम द्वारा शहर की नई पीढ़ी को खेलकूद की गतिविधियों से जोड़ने और उन्हें खेल अभ्यास के लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध कराने तेलीबांधा, पंडरी एक्सप्रेस-वे ब्रिज के नीचे सुरक्षित स्थान युवाओं और बच्चों को उपलब्ध कराने बॉक्स स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का विकास किया गया है, जिसकी दीवारों पर नामचीन खिलाड़ियों के आकर्षक चित्रों की चित्रकारी देखते ही बनती है। स्लम बस्ती के युवा और बच्चे इन स्थलों पर पहुंचकर क्रिकेट खेल का अभ्यास करते देखे जा सकते हैं। निगम आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, अंशुल शर्मा की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण कर फिनिशिंग का काम जल्द पूरा करने निर्देश दिए।

## दिल्ली में आज संगठन चुनाव पर मंथन, सीएम साय, डिप्टी सीएम अरुण और विजय भी होंगे शामिल







हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर मंगलवार को दिल्ली में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन बड़ी बैठक लेंगे। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी शामिल होंगे।

सीएम श्री साय पहले से ही दिल्ली में हैं। दोनों डिप्टी सीएम मंगलवार की सुबह को यहां से दिल्ली जाएंगे। इसी के साथ बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, संगठन चुनाव के प्रदेश प्रभारी खूबचंद पारख और सदस्य भी शामिल होंगे। बैठक में संगठन चुनाव को लेकर मंथन होगा। भाजपा के संगठन चुनाव पर बैठक लेने के लिए राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री और पर्यवेक्षक बनाए गए शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन दो दिनों के प्रवास पर रायपुर आने वाले थे, लेकिन अचानक उनका प्रवास टल गया और बैठक दिल्ली में लेने का फैसला किया गया। बैठक के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा को भी बुलाया गया है। दिल्ली में मंगलवार को 12 बजे बैठक होगी।

■ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख भी होंगे शामिल

### चुनाव की देंगे पूरी जानकारी

दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर होने वाली बैठक में प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख पूरी रिपोर्ट देंगे। इसमें बताया जाएगा कि कितने बूथों में कमेटियां बनीं हैं, कितने में नहीं बन पाई हैं। जहां कमेटियां नही बनीं होंगी, उनका कारण भी बताया जाएगा। मंडल अध्यक्षों के चुनाव में 476 मंडलों में से 440 में ही चुनाव हो रहा है, 35 मंडलों में अभी चुनाव नहीं रहा है। इसके बारे में भी बताया जाएगा कि किस कारण से वहां चुनाव नहीं हो रहा है। जिलाध्यक्षों का चुनाव कब तक पूरा होगा, इसकी भी पूरी जानकारी रखी जाएगी। सोमवार तक 25 जिलों में अध्यक्षों के नामों को लेकर रायशुमारी हो चुकी है। मंगलवार तक बचे जिलों में भी नामों को लेकर रायशुमारी पूरी हो जाएगी। जिलाध्यक्षों को लेकर बैठक में मार्गदर्शन मिलेगा कि क्या करना है। संगठन से अगर निर्देश हुए तो किनको जिलाध्यक्ष बनाया जाना है या फिर कितने नामों का पैनल बना है और किनके नाम पर सहमति बनी है, उसकी भी पूरी जानकारी राष्ट्रीय संगठन को भेजकर वहां से मंजूरी के बाद नामों का ऐलान किया जाएगा। दिल्ली जाने वालों में संगठन चुनाव कमेटी के सदस्य मधुसूदन यादव, चंपा देवी पावले और डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी भी शामिल हैं।



### नई कृषि-व्यापार नीति के खिलाफ किसानों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ इकाई ने सोमवार को राजधानी में आंबेडकर प्रतिमा के सामने नई कृषि-व्यापार नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार से किसानों की उपज के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू करने और छत्तीसगढ़ के किसानों को मोदी की गारंटी के तहत धान का मूल्य 3217 रुपए प्रति क्विंटल देने की मांग करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया।

दरअसल मोदी सरकार द्वारा हाल ही में लाई गई नई कृषि बाजार व विपणन नीति के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की प्रदेश इकाई ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, प्रदेश प्रभारी प्रवीण क्रांति ने कहा, इस नीति के लागू होने से देश की कृषि मंडियों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, साथ ही कृषि बाजार पर कॉर्पोरेट कंपनियों का कब्जा हो जाएगा।

## जब तक मंत्री इस्तीफा नहीं देंगे, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा : सांसद रंजीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राज्यसभा सांसद रंजीता रंजन ने कहा, 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पाटी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती, इस बार तो हद ही पार कर दी।

उन्होंने कहा, संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। कांग्रेस ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई। समता, समानता और न्याय के डॉ. आंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई



रास नहीं आई। यही नहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. आंबेडकर का अपमान कर बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। कांग्रेस डॉ. आंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है। जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यसमिति के सदस्य ताम्रध्वज साहू भी मौजूद रहे।

### भाजपा ने पूछे पांच सवाल

इधर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन के आरोपों पर पलटवार करते उनसे पांच सवालों का जवाब मांगा। आपने कहा था, नक्सली बुरे नहीं होते, क्या आज भी अपने बयान पर कायम हैं? छत्तीसगढ़ के लोगों का हक मारकर राज्यसभा की सदस्यता मिली है, उसके साथ उन्होंने कितना न्याय किया? राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला व केटीएस तुलसी छत्तीसगढ़ क्यों नहीं आते? छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में रहकर लूट, भय और भ्रष्टाचार के सारे कीर्तिमान ध्वस्त कर रही थी, तब उनके खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई? राज्यसभा सदस्य रहते कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा और अर्चना गौतम के साथ दुर्व्यवहार पर उनके न्याय के लिए आवाज क्यों नहीं उठाई?

## अफसर बोले- टाइग्रेस के गले में रेडियो कॉलर से मॉनिटरिंग में मिलेगी मदद

# चिरमिरी से रेस्क्यू बाघिन का कटघोरा वनमंडल में विचरण, गांवों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मध्यप्रदेश के संजय दुबारी नेशनल पार्क से पिछले सप्ताह भटककर आई बाघिन इन दिनों कटघोरा वनमंडल के पंडरीपानी परिक्षेत्र में विचरण कर रही है। अफसरों के अनुसार, टाइग्रेस के गले में रेडियो कॉलर लगा है, इस वजह से आसानी से उसे ट्रैक किया जा रहा है। इसकी पुष्टि एपीसीसीएफ प्रेम कुमार ने की है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों चिरमिरी के जंगल में वन अफसरों ने रेस्क्यू करने के बाद उसके गले में रेडियो कॉलर लगाकर अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा था। अब यह बाघिन मरवाही वनमंडल के रास्ते इन दिनों कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रही है। कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार के अनुसार, टाइग्रेस को ट्रेक करने एटीआर से पांच सदस्यीय ट्रेकिंग दल बुलाया गया है। ट्रेकिंग दल के माध्यम से उसके मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। अफसर के अनुसार, टाइग्रेस का व्यवहार सामान्य है।

### सो रहे ग्रामीण के करीब पहुंची बाघिन

पसान रेंज में विचरण कर रही बाघिन को लेकर पंडरीपानी, पहाड़पारा के ग्रामीण दिलीप लकड़ा का कहना है कि बाघिन उसके घर के पास पहुंच गई थी। उसके घर के करीब पहुंचने की पुष्टि घर के पास मिले पंजों के निशान से हुई है। दिलीप के अनुसार, वह घर के बाहर सो रहा था। इसी दौरान घर के पालतू कुत्ते की भौंकने की आवाज से वह उठ गया। करीब आठ से दस फीट की दूरी पर उसने बाघिन को देखा। एकदम नजदीक होने पर दिलीप पास पड़े डंडे से धान साफ करने के उपयोग में आने वाले उड़ावनी पंखे को लाठी से जोर-जोर से पीटने लगा, जिससे बाघिन वहां से डरकर चली गई।



### क्षेत्र नया होने से भटक रही टाइग्रेस

संजय दुबारी नेशनल पार्क से भटककर आई जिस बाघिन को चिरमिरी से रेस्क्यू कर अचानकमार में छोड़ा गया है। उस मादा बाघ के लिए एटीआर नया इलाका है। इस वजह से उक्त वह भटकते हुए मरवाही के रास्ते कटघोरा पहुंच गई। ऐसी स्थिति में उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन अफसरों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

### इधर बाघ की आमद रोकने पटाखे फोड़े

कान्हा टाइगर रिजर्व के आधा दर्जन बाघ भोरमदेव तथा अचानकमार में विचरण कर रहे हैं। इनमें चार बाघ भोरमदेव वनमंडल में हैं। सूत्रों के मुताबिक, जमुनापानी में बाघ के आने की जानकारी मिलने के बाद उसे अपने क्षेत्र में आने से रोकने पटाखे चलाए। पटाखों की आवाज सुनकर बाघ के वापस कान्हा तरफ जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। उल्लेखनीय है कि जमुनापानी में वर्ष 2011 में ग्रामीणों ने एक मादा बाघ को लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था।

**सुरक्षित क्षेत्र, शिकार की तलाश में पहुंच रहे**

जानकारों के मुताबिक, मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व में कैपेसिटी से ज्यादा बाघ हो गए हैं। ऐसी स्थिति में बाघों के बीच आपसी द्वंद्व की स्थिति निर्मित होती है। इसलिए बाघ सुरक्षित जगह तथा शिकार की तलाश में भटकते हुए राज्य के वनक्षेत्र में पहुंच रहे हैं। इस बात को भी ध्यान में रखते हुए वन विभाग को टाइगर मॉनिटरिंग के लिए एक अलग टीम बनाए जाने की बात जानकार बता रहे हैं।

# सरकारी स्कूलों के कारनामे...भर दिए अपात्र छात्रों के परीक्षा फॉर्म, माशिम ने किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

दसवीं-बारहवीं परीक्षाओं की तैयारी में जुटे माध्यमिक शिक्षा मंडल के पास एक से बढ़कर एक मामले सामने आ रहे हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं कि अधिकारी-कर्मचारी भी अपना सिर पकड़कर बैठ जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर मामलों में विद्यालय स्तर पर लापरवाही बरती गई है। बड़ी संख्या में ऐसे छात्रों के आवेदन माशिम को प्राप्त हुए हैं, जो दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता ही नहीं रखते हैं। नियमतः दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में नियमित परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने के लिए छात्रों का लगातार उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है। नवमी या ग्यारहवीं कक्षा दो अथवा उससे अधिक प्रयास में उत्तीर्ण करने वाले छात्र अगली कक्षा में नियमित विद्यार्थी के रूप में शामिल होने पात्र नहीं होते हैं। स्कूलों ने इन विद्यार्थियों को ना केवल नियमित छात्र के रूप में प्रवेश दिया, बल्कि उनका परीक्षा फॉर्म भी रेगुलर स्टूडेंट के रूप में भर दिया। माशिम को फॉर्म की स्क्रूटनी के दौरान अब तक ऐसे लगभग 70 मामले मिले हैं। इनमें से 90 फीसदी शासकीय विद्यालयों के हैं। माशिम ने इन सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया है।

## नवमी और दसवीं कक्षा के मध्य नहीं होना चाहिए गैप, नियमित रूप से उत्तीर्ण होना आवश्यक

### छात्रों का साल बचाने की कोशिश

अब माशिम द्वारा इन स्कूलों को खत लिखा जाएगा। उनसे बच्चों की इच्छा पूछी जाएगी। यदि विद्यार्थी प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने की इच्छा रखते हैं तो उनके आवेदन को नियमित छात्र के कैटेगरी से हटाकर स्वाध्यायी छात्र के कैटेगरी में डाला जाएगा। यदि विद्यार्थी इसके लिए सहमति नहीं देते हैं, तो उनके आवेदन को निरस्त माना जाएगा। स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने की सहमति देने वाले विद्यार्थियों से फीस की अंतर राशि ली जाएगी।



लगभग 70 ऐसे मामले, जिसमें छात्रों ने कई वर्ष पहले दिलाई थी नवमी की परीक्षा

### इसलिए भी लापरवाही

*यह पहला वर्ष नहीं है जब इस तरह के मामले माशिम के सामने आए हो। बीते वर्षों में भी अपात्र छात्रों के परीक्षा फॉर्म सब्मिट किए जाने संबंधित मामले आते रहे हैं। माशिम द्वारा अथवा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए जिम्मेदार शिक्षकों अथवा स्कूल प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यही वजह है कि सामान्य नियमों की भी अनदेखी हो रही है और छात्रों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि दसवीं में इस बार 3 लाख 23 हजार नियमित तथा लगभग 8 हजार प्रावइेट परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इसी तरह से बारहवीं कक्षा में 2 लाख 34 हजार नियमित और 7 हजार स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल होंगे।*

## खबर संक्षेप

### पीएससी ने सिविल जज के 57 पदों पर मांगे आवेदन

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग ने कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश के 57 पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। इन पदों के लिए पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर 26 दिसंबर से आवेदन किए जा सकेंगे। अंतिम तिथि 24 जनवरी निर्धारित की गई है। विधि और विधायी कार्य विभाग के अंतर्गत ये नियुक्तियां निकाली गई हैं। आयु सीमा सहित अन्य आवश्यक अहर्ताओं की जानकारी पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के अंकों को मिलाकर अंतिम परिणाम जारी किए जाएंगे।

### मो. रफी की जन्म शताब्दी पर कार्यक्रम आज

**रायपुर।** सुप्रसिद्ध गायक स्व. मोहम्मद रफी की जन्म शताब्दी पर राजधानी रायपुर की सुर संतृप्ति इवेंट एवं मैनेजमेंट लाइव बैंड म्यूजिक शो 'सौ बार जनम लेंगे' की प्रस्तुति 24 दिसंबर को शाम 6 बजे महाराष्ट्र मंडल में होने जा रही है। इस कार्यक्रम में ग्रुप के कलाकार अपनी आवाज से रफी साहब के गाए गीतों को बतौर श्रद्धांजलि पेश करेंगे। सुर संतृप्ति म्यूजिकल क्लब की फाउंडर विश्वास और प्रीति केसकर ने बताया कि भारतीय संगीत के अमर गायक स्व. मोहम्मद रफी की 100वीं जयंती पर लाइव बैंड म्यूजिक शो में साउंड स्वरमाला की टीम देगी। वहीं स्पेशल लाइव बैंड म्यूजिक की प्रस्तुति डाल्फिन ग्रुप दुर्ग के संचालक यश यदु और उनकी टीम देगी।

### बेसिक बेकरी क्लास के प्रशिक्षार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा बेसिक बेकरी क्लास के प्रशिक्षार्थियों के लिए प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षक रीना साहू ने इस कोर्स में बेकरी के बुनियादी सिद्धांतों से लेकर विभिन्न प्रकार के बेकरी उत्पादों को बनाने तक की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों की मेहनत और लगन की प्रशंसा की। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने कहा कि यह फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में सनील जांडे, हेमा मनिकपुरी, अजय चौधरी, संदीप पांडा, अभिषेक पांडा, रेणुका वर्मा, प्रकाश चंद कुर्रे, प्रियंका पटेल और भुनेश्वरी साहू शामिल हुए।

## छत्तीसगढ़ में 25 लाख परिवारों की 15 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा फंसी राशि

# सहारा में छत्तीसगढ़ से 15 हजार करोड़ डूबे निवेशकों को अब तक रिफंड मिले 39 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से 10 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक निवेश करने वाले छोटे निवेशकों को ही रिफंड किया जा रहा है, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। इन आवेदनों पर छत्तीसगढ़ में अभी तक 30 हजार से ज्यादा निवेशकों को 39 करोड़ रुपए की राशि लौटाई गई हैं, जबकि प्रदेश में करीब 25 लाख परिवारों से 15 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा की राशि जमा कराई थी। इस तरह निवेशकों को पोर्टल के माध्यम से राशि लौटाई तो जा रही है, लेकिन यह डूबी राशि का एक प्रतिशत भी नहीं है। प्रदेश में रिफंड की गई राशि में सबसे ज्यादा करीब 7 करोड़ रुपए दुर्ग जिले के निवेशकों को दी गई है। इसके अलावा बिलासपुर, गरियाबंद, रायपुर, मुंगेली, भाटापारा-बलौदाबाजार, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी, जांजगीर-चांपा, अंबिकापुर, राजनांदगांव, कवर्धा सहित अन्य कई जिलों में भी 50 लाख रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए तक राशि वापस लौटाई गई है।

### दो लाख से ज्यादा आवेदन

सहारा इंडिया के एजेंटों के अनुसार, प्रदेशभर से दो लाख से ज्यादा लोगों ने 10 से 50 हजार रुपए रिफंड पाने के लिए आवेदन किए हैं, जिनमें से 30 से 35 हजार के करीब निवेशकों को रिफंड की राशि मिली है।

### 10 हजार से 50 हजार तक लौटाई जा रही राशि




### सभी जिले में सहारा के दफ्तर नहीं इसलिए आवेदन करने में कठिनाई

सहारा इंडिया के सभी जिलों में दफ्तर अब तक खुल नहीं पाए हैं, जिसके कारण इसमें डूबी राशि को वापस पाने के लिए निवेशकों को भी ऑनलाइन आवेदन करने में कई तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल के नियम के तहत जिन निवेशकों के पैसे डूबे हैं, उन्हें जमा की राशि के दस्तावेजों के साथ सहारा इंडिया कार्यालय का सील-हस्ताक्षर भी कराना अनिवार्य किया है। प्रदेशभर में पहले सहारा इंडिया के 132 कार्यालय खोले गए थे। इस तरह प्रत्येक जिले में दो या उससे अधिक कार्यालय खुले हुए थे, लेकिन बंद होने के बाद अब प्रमुख जिलों में ही कार्यालय खुले हुए हैं। इसके कारण जिन जिलों में कार्यालय नहीं खुले हैं, वहां के निवेशकों को ऑनलाइन आवेदन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सहारा ने सीआरसीएस को दिया अपूर्ण डाटा, इसलिए मिल नहीं पा रहा रिफंड

सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन आवेदकों के दस्तावेजों में कमियां बताकर उन्हें रिजेक्ट किया जा रहा है। सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सहारा सोसाइटियों के प्रबंधन द्वारा सीआरसीएस को सत्यापन कर जो डेटा दिया है, वह अपूर्ण है। प्रबंधन ने डेटा को बदल दिया गया है, जिसके कारण आवेदन करने के बाद भी कई निवेशकों को उनके जमा पैसे मिल नहीं पा रहे हैं।

### दुर्ग के निवेशकों को सबसे ज्यादा रिफंड

प्रदेश में सबसे ज्यादा दुर्ग जिले के निवेशकों को 7 करोड़ रुपए के करीब रिफंड मिला है। इस प्रकार दूसरे नंबर पर बिलासपुर, गरियाबंद व रायपुर जिले में भी 5 से 4 करोड़ रुपए रिफंड किए गए हैं। इसके अलावा मुंगेली, धमतरी, रायगढ़, महासमुंद, भाटापारा-बलौदाबाजार, राजनांदगांव, अंबिकापुर सहित अन्य जिलों में भी 50 लाख से लेकर 2 करोड़ रुपए तक राशि बांटी गई है।

### देशभर से 13 करोड़ निवेशकों के डूबे पैसे

देशभर से 13 करोड़ निवेशकों ने सहारा इंडिया के 127 कंपनियों के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों में अपने पैसे निवेश किए हैं। ये जमा पैसे सेंट्रल रजिस्ट्रार दिल्ली के सहारा इंडिया पोर्टल में मिले आवेदनों के अनुसार निवेशकों को उनके खातों में सीधे ट्रांसफर कर लौटाए जा रहे हैं। निवेशकों को राशि लौटाने के लिए सहारा इंडिया और सेबी की जमा 25 हजार करोड़ रुपए की गारंटी राशि से 5 हजार करोड़ रुपए सीआरसीएस को दिए हैं। सूत्रों के सीआरसीएस इसमें से 50 प्रतिशत राशि भी निवेशकों को लौटा नहीं पाया है।

### ...इसलिए रिफंड में दिक्कत

ऑनलाइन आवेदनों में दस्तावेजों के साथ सहारा दफ्तर का सील-हस्ताक्षर कराना अनिवार्य है, इसलिए निवेशकों के आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। 5 हजार करोड़ में आधी राशि भी निवेशकों को लौटाई नहीं गई है। प्रदेश में 15 हजार करोड़ रुपए डूबी राशि में से अभी तक करीब 39 करोड़ रुपए ही लौटाए गए हैं।

- **विनय सिंह राजपूत,** प्रदेश अध्यक्ष, सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ

# डी. सोलंकी पैनल से खड़े तीनों प्रत्याशियों ने चुनाव जीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में डी. सोलंकी पैनल से खड़े तीनों प्रत्याशियों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव बड़े अंतर से जीतकर विरोधी पैनल प्रत्याशी एकता मंच की डी. आशा जैन सहित सभी प्रत्याशियों को पराजित किया। विगत पंद्रह दिनों से इस चुनाव को लेकर काफी सरगर्मी चल रही थी। इस चुनाव का महत्व इसी बात से पता चलता है कि शहर के नामी-गिरामी 527 डॉक्टरों ने अपने मत का प्रयोग समय निकालकर किया, जो लगभग 70% रहा। वर्तमान में जिस पैनल का आईएमए पर कब्जा था, उन्हें हार का सामना पड़ा एवं अध्यक्ष डॉ. सोलंकी 527 में से 322 मत प्राप्त कर 221 मत से, सचिव डॉ. संजीव श्रीवास्तव 292 मत प्राप्त कर 61 मतों से विजयी हुए। शहर के नामी चिकित्सक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. सुषमा वर्मा, डॉ. अजय सक्सेना, डॉ. आनंद सक्सेना, डी. स्वाति महोबिया आदि ने मतदान कर चुनाव के महत्व को काफी बढ़ा दिया। इस चुनाव में चुनाव अधिकारी शहर के ख्यातिनाम चिकित्सक डॉ. ललित शाह के साथ डी. शरद चांडक, डॉ. दिनेश मिश्रा एवं डॉ. अनिल वर्मा की टीम लगी थी, जिन्होंने पूर्ण गंभीरता एवं उत्तम व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया। पदाधिकारियों के निर्वाचन पर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, डॉ. विमल चोपड़ा, डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, डॉ. अशोक त्रिपाठी, डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. किशोर सिन्हा ने बधाई दी है।

# सड़क धोने से नाराज युवक ने महिला पर किया चाकू से हमला

## पड़ोसी के घर में घुसकर जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुरैना की घटना आरोपी को राजेंद्र नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

सड़क धोने से नाराज एक युवक ने महिला की हत्या करने की नीयत से उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चाकू से जानलेवा हमला करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के पुरैना की है।

अजय ध्रुव की शिकायत पर पुलिस ने धनराज गहरवाल को गिरफ्तार किया है। अजय के अनुसार, रविवार तड़के 5 बजे घर के बाहर तालाब में हाथ-मुंह धो रहा था। इस दौरान उसकी मां घर के बाहर सड़क धोने पानी डाल रही थी। अजय की मां जब सड़क धो रही थी, इसी दौरान मौके पर धनराज पहुंचा और महिला से सड़क गीली करने की बात को लेकर विवाद तथा गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज करने से मना करने पर धनराज ने अपने पास रखे चाकू से महिला पर हमला कर दिया। महिला बचने के लिए दौड़ी तो बदमाश ने उसकी पीठ पर चाकू से वार कर दिया। बदमाश के हमले से सहमी महिला अपने पड़ोस में रहने वाली एक अन्य महिला के घर घुस गई, और बदमाश से खुद को बचाया।




# माता कौशल्या विहार में कचरे से ऐसी बदबू कि सांस लेना भी दूभर

## परेशान रहवासियों ने निगम की गाड़ियों को रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खुली जमीन को नगर निगम ने बनाया डंपिंग यार्ड

नगर निगम जोन-10 सफाई अमले को माता कौशल्या विहार सेक्टर-4 के रहवासियों ने खुली जमीन पर कचरा डंप करते पाया। बदबू और गंदगी से बेहद परेशान लोगों द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर सोमवार को उन्होंने नगर निगम की गाड़ियां रोक लीं। आरोप है कि कचरे में मेडिकल वेस्ट, पोल्ट्री फार्म से निकलने वाले पंख और अन्य गंदगी बड़ी मात्रा में यहां फेंकी जा रही है। निगम का अमला डूमरतराई में भी सन एंड सन कांप्लेक्स के सामने खुली जमीन पर कचरा डंप करा रहा है, इससे आसपास के रहवासी कचरे से उठने वाली बदबू से परेशान हैं।

शहर को स्वच्छ रखने और खुले में कचरा न डालने की नसीहत देने वाला नगर निगम अब नियम से परे होकर रहवासी इलाके की खाली जमीन पर कचरा उड़ेलने से नहीं चूक रहा। नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल माता कौशल्या विहार सेक्टर-4 इलाके में नगर निगम के खाली पड़ी जमीन पर सेकंडरी कचरा कलेक्शन पाइंट बना रखा है। जहां आए दिन निगम की कचरा गाड़ी रहवासी इलाके में कूड़ा डंप कर रही है। लोगों ने पिछले दिनों जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर पूरे इलाके में गंदगी और स्ट्रीट लाइट की समस्या से अवगत कराया।



### निगम अधिकारी बोले- यह प्रायमरी कलेक्शन सेंटर

कचरा गाड़ियों को रोकने की सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी स्पॉट पर पहुंचे और लोगों से कहा कि आप सफाई गाड़ियों को रोक नहीं सकते। उनका ये भी कहना था कि यह डंपिग यार्ड नहीं, प्रायमरी कचरा कलेक्शन सेंटर है। लोगों ने कहा, ऐसा है तो कचरा नियमित रूप से उठाना चाहिए, पर ऐसा नहीं हो रहा। जोन अधिकारी ने कहा, यदि ऐसी समस्या है तो बताएं, कचरा उठवा देंगे।

## सिर्फ पीछे वाले हिस्से में डिजाइन देने रहेगी दीवार

# लाखेनगर चौक पर चौड़ीकरण, साइड की गोलाई वाला हिस्सा हटाया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के लाखेनगर चौक स्थित चौराहा सौंदर्यीकरण का काम 2 माह में पूरा होगा। चौराहे का चौड़ीकरण कर उसे सुंदर स्वरूप देने सिर्फ पीछे वाले हिस्से में डिजाइन देने दीवार बनाई जा रही है। इसकी ऊंचाई कम कर साइड की गोलाई वाले हिस्से को हटाया जाएगा, ताकि इस चौराहे से ट्रैफिक का मूवमेंट सही तरीके से हो सके। नगर निगम जोन-5 कमिश्नरी के माध्यम से चौराहे का सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। शहर के लाखेनगर स्थित व्यस्ततम चौक पर मोर की सुंदर आकृति के साथ चौड़े आकार का चौराहा जल्द नए स्वरूप में नजर आएगा। तीन तरफ से सड़क की दृश्यता बनी रहे और वाहन चालकों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए कबाड़ी दुकान वाले पीछे के हिस्से में डिजाइन देने दीवार बनाई जा रही है। पूर्व में इसकी ऊंचाई 7 फीट रखी गई थी, जिसे कम किया जाएगा। जोन कमिश्नर विमल शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि चौराहे के साइड में गोलाई वाले हिस्से को हटाया जाएगा, ताकि चारों ओर से आने-जाने वालों के लिए पारदर्शिता बनी रहे।

### युवा संवाद कार्यक्रम 29 को

*रायपुर। गांडा महासभा युवा विभाग द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 29 दिसंबर को युवा संवाद 2024 का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमे समाज के युवा और समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में युवाओं के भविष्य, युवाओं के कैरियर के लिए गाइडेंस एवं समाज में किस तरह से युवाओं को शामिल कर समाज की दशा और दिशा बदलना है, इस पर गहन चर्चा की जाएगी। इसके बाद युवाओं के साथ संवाद होगा और समाज में युवाओं का योगदान, समाज के विकास के लिए, आदर्श समाज बनाने के लिए, समाज का केंद्रीकरण करने के लिए युवाओं को समाज से जोड़ने के लिए कार्य किया जाएगा। इस संबंध में युवा अध्यक्ष बंटी निहाल ने बताया कि युवा ही समाज की दशा और दिशा बदलने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। प्रदेश स्तरीय दौरा कर समाज को मजबूत बनाने युवाओं को जोड़ा जाएगा। आगामी कार्यक्रम को लेकर विगत दिनों गांडा महासभा की टीम ने बैठक रखकर अपने सदस्य को जिम्मेदारी दी।*

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# दवाओं के ऑनलाइन आर्डर पर लगाएं रोक, आपत्ति के बाद करेंगे आंदोलन




**रायपुर।** कोविड के दौरान घर-घर दवाइयां पहुंचाने की विशेष अनुमति महामारी एक्ट के तहत केंद्र सरकार द्वारा दी गई। इस अवैध ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग किया जा रहा है। इससे स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा हो रहा है। इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। अखिल भारतीय केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन ने यह मांग केंद्र सरकार से की है। 15 दिनों में रोक नहीं लगाई जाती है तो देशभर के 12.40 लाख केमिस्ट व वितरक क्रमिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। राजधानी के एक होटल में आयोजित वार्ता में संगठन के अध्यक्ष जेएस शिंदे व महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि इस अधिसूचना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय दवा विक्रेताओं द्वारा आपातकालीन स्थिति में दवाओं की डिलीवरी करना था।

### आंदोलन के लिए होंगे मजबूर

*अखिल भारतीय केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन ने तीसरी बार स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के दौरान जारी अधिसूचना जीएसआर 220 (ई) को रद्द करने की अपील की है। अगर 15 दिनों में सरकार ने मामले में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो इसके बाद संगठन देशभर में पहले ध्यानाकर्षण के लिए विरोध करते हुए सरकार को ज्ञापन देगा।*






हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

### व्यंजन और मेहंदी स्पर्धा निबंध में दिखाई प्रतिभा



रायपुर। महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में वेस्ट ऑफ बेस्ट, व्यंजन बनाओ, मेहंदी और निबंध प्रतियोगिता प्रमुख रही, जिसमें बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में पीजीडीसीए की छात्रा सृष्टि शुक्ला ने शानदार आकृति बनाकर प्रतियोगिता में जीत हासिल की। वहीं दूसरे स्थान पर बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अंजुम खातून रहीं। जबकि तीसरा स्थान बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा काजल कन्नौज को मिला। सांत्वना पुरस्कार अर्पिता तोमर और वेणु प्रभा यादव को मिला। इसी कड़ी में व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता में स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर बीबीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा आयुषी चक्रवर्ती ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान पर बीकॉम फाइनल ईयर के छात्र जय सोनी रहे। तीसरा स्थान विनय महिपाल को मिला। मीठे व्यंजन में नमन आर्य ठाकुर प्रथम और धरनी साहू ने दूसरा स्थान हासिल किया। अन्वेष बाघमार को भी उत्कृष्ट व्यंजन बनाने का पुरस्कार दिया गया।

#### प्रतिभागियों को दिए सांत्वना पुरस्कार

सांत्वना पुरस्कार अंकिता भोंसले, संगीता ध्रुव, सायरा बानो और अक्लिमा रजा को मिला। साथ ही निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रमुख निर्णायकों में डॉ. श्वेता शर्मा, प्रो. सोमा गोस्वामी, क्रीड़ा अधिकारी विजय शर्मा, डॉ. श्रुति तिवारी, डॉ. अनुपमा जैन, डॉ. अर्चना मोदक, डॉ. शिल्पा वाधवा आदि रहे और पुरस्कार घोषित किए गए। इस बीच महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने भी इन सभी प्रतियोगिताओं का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन आपके व्यक्तित्व के विकास में सार्थक साबित होगा।

# अजूबा का 'अजूबा' हवा में उड़ी लड़की जादूगर बोले- नया जादू, नई चुनौती

## 1998 से मंच पर दिखा रहे जादू, विरासत में मिली कला





> लोगों की मांग पर नए तरह के साथ पुराने तरह के भी जादू दिखाए जाते हैं। लोगों में यह अवधारणा होती है कि जादू तो विदेश में दिखाया जाता है, लेकिन देश में भी कई ऐसे जादूगर हैं, जिनकी कला के सामने विदेश के जादू कुछ भी नहीं हैं। यह कहना है जादूगर सम्राट अजूबा का, जो इन दिनों रंग मंदिर में अपनी जादू की कला से लोगों मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। हरिभूमि से खास बातचीत में उन्होंने बताया कि नए जादू तैयार करने के बाद उसके अभ्यास में तीन महीने से ज्यादा समय लग जाता है।



रायपुर। दर्शक ये उम्मीद लेकर आते हैं कि जादूगर उन्हें ऐसा जादू दिखाए, जो असंभव हो। जैसे कि इंसान को जानवर बनाना, शरीर को हवा में उड़ाना, पलक झपकते ही गायब हो जाना। उन्होंने बताया कि पहले जादू की एक परिभाषा होती थी कि जो समझ नहीं आया, वह जादू है। आज इंटरनेट पर जादू की कला का सच लोगों का पता है, इसलिए हमने जादू दिखाने का तरीका अब बदला है, ताकि लोगों में आश्चर्य के भाव उत्पन्न हों।

### हर कोई अपने क्षेत्र में जादूगर

जादूगर सम्राट अजूबा ने बताया कि 1998 से मंच पर जादू दिखा रहे हैं। उन्हें यह कला विरासत में मिली है। उनके शो में असली जादूगर उनकी टीम है, जो मंच के पीछे से उनकी मदद करती है। इंटरनेट के जमाने में अगर आप पुराना जादू लोगों को दिखाएंगे तो बच्चे भी आपके हाथों की सफाई को आसानी से पकड़ लेंगे। बदलते समय के साथ हमें भी नया जादू तैयार करना पड़ा रहा है। यह कार्य पहले से अब चुनौतियों भरा हो चुका है। उनका कहना है कि हर कोई अपने क्षेत्र में जादूगर की तरह काम करता है। अभ्यास मात्र से जादू की कला सीखी जा सकती है, लेकिन इस कार्य में वर्षों भी लग सकते हैं।

### जादू हाथों की कला, पाखंडी बाबाओं से रहें सावधान

*जादूगर सम्राट अजूबा ने शो के जरिए कहा कि जादू हाथों की कला है। शो कई जनसंदेशों से भरा था। इसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहें, अपराध न करें, पाखंडी बाबाओं से सावधान रहें, जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने सराहा। हर दिन अचरज में डाल देने वाले रोजाना तीन शो 1 बजे, 4 बजे और संध्या 7 बजे से दिखाए जा रहे हैं, जिसका टिकट मौके पर ही सुबह 10 बजे से मिलने लगा है। ऑनलाइन टिकट* **www.jadugarajooba.com** *से एडवांस में भी लिया जा सकता है।*

### अंडर वॉटर डेथ चैलेंज ने किया हैरान



जादूगर सम्राट ने लोगों को हैरतअंगेज जादू दिखाए। मंच पर आते ही प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने लगा, जिसके बाद जादूगर अजूबा ने अपने जादू से पुष्पाहार के जरिए लोगों का स्वागत किया। दो घंटे के शो में जादूगर अजूबा ने लोगों के सामने एक बढ़कर एक जादू की कला दिखाई। कभी लड़की को मंच पर बुलाकर हवा में झुलाया तो कभी सुंदर लड़की को खाली बॉक्स से निकाला। कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनिया के सबसे खतरनाक स्टंट मैजिक अंडर वॉटर डेथ चैलेंज एक्ट दिखाकर जादूगर ने सभी को चकित कर दिया।

### जब जादूगर ने वाटर बॉक्स से बचाई जान



राजधानी में पहली बार वॉटर बॉक्स मैजिक जादूगर द्वारा दिखाया जा रहा है। शो में जब कलाकार वाटर बॉक्स लेकर मंच पर पहुंचे तो लोगों को समझ नहीं आया कि यह कौन-सा जादू है। इसके बाद जादूगर ने बताया कि बॉक्स में मुझे डाला जाएगा और मेरे हाथों में हथकड़ी लगी रहेगी और मैं चाबी से अपनी हथकड़ी खोलकर बाहर आऊंगा। जादूगर की इस बात ने लोगों को आश्चर्य में डाल दिया था, लेकिन जादूगर लोगों के सामने ही अपनी सांसें रोककर वॉटर बॉक्स के भीतर से हथकड़ी खोलकर बाहर निकल गए। यह देख हर कोई हतप्रभ रह गए। शो में यह जादू लोगों को बेहद पसंद आया। जादूगर के लिए लोगों ने जमकर तालियां बजाईं।

### दर्शकों को सोचने पर किया मजबूर

शो में दो घंटे तक दर्शक जहां हंस-हंसकर लोटपोट हो गए, वहीं कुछ क्षणों के लिए दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। शो में कपड़ों से कबूतर बनाना, छतरी बनाना, लड़की को गायब करना, हथकड़ी बांधकर व्यक्ति को गायब करना, एक महिला के दो टुकड़े करना सहित विभिन्न प्रकार की जादू कलाएं दिखाई गई।



### तस्वीर से पैदा किया जिंदा कबूतर

जादूगर सम्राट ने अपने शो में हवा में गुलदस्ता पैदा कर दिखाया। उन्होंने कागज से चॉकलेट निकालकर उसे बच्चों में बांट दिया। शो में उन्होंने ब्लेड को दांतों से चबाकर निगल लिया फिर मुंह से पचास मीटर धागा निकालकर चमत्कृत कर दिया, जिसमें दो सौ ब्लेड बंधी हुई थीं। उन्होंने फोटो में से जीवित कबूतर पैदा कर दिखाया। किसी भी चीज को हवा में गायब कर देना और हवा से पैदा कर देना दर्शकों को उनके बाएं हाथ का खेल लगने लगा था।

## वार्षिकोत्सव

### देशप्रेम की भावना को किया प्रोत्साहित



*रायपुर। मदर्स प्राइड हायर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव 'ओडिसी: द लिगेसी ऑफ भारत' का 22 दिसंबर को खम्हरिया परिसर में उद्घाटन हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना और छात्रों में अपने देश के प्रति गर्व की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक नृत्य, संगीत, नाटक के साथ हुई। छात्रों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों में भारत के ऐतिहासिक मील के पत्थरों और सांस्कृतिक प्रतीकों को खूबसूरती से दर्शाया।*

### चार टांगें और ओ री चिरैया... दर्शकों ने खूब सराहा




*कोलंबिया ग्लोबल स्कूल टेकारी में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने कथक, भरतनाट्यम, गिद्दा और भांगड़े की अद्भुत प्रस्तुति दी। जेलियांग, बीहू और गरबा की प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। वहीं नाटक "चार टांगें" और ओ री चिरैया नृत्य को सभी अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि सतीश मिश्रा ने छात्रों को मनचाहे क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। गोल्ड मेडलिस्ट मुस्कान वर्मा व साक्षी वर्मा को 15 हजार रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं विशेष पुरस्कार मास्टर सुधांशु झा को दिया गया, जिन्होंने जेई परीक्षा उत्तीर्ण कर पीडब्ल्यूडी श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक 25 हासिल की है।*

### नारी शक्ति अस्तित्व पर बच्चों ने दी प्रस्तुति



प्रणवानंद अकादमी में 27वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका, विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, शाला सचिव श्रीमद स्वामी शिवरूपानंद महाराज, शाला प्राचार्य अनिंदिता घोष उपस्थित रहीं। बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। नारी शक्ति (अस्तित्व) पर आधारित विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में बच्चों में संस्कार एवं नैतिक मूल्यों के विकास को अति आवश्यक बताया। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या अनिंदिता घोष ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां और भविष्य की योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया।

### चाणक्या ने नवनियुक्त सिविल जज को किया सम्मानित




*चाणक्या लॉ एकेडमी का स्थापना दिवस निजी होटल में मनाया गया। इसमें सपरिवार नवनियुक्त सिविल जज को सम्मानित किया गया। एकेडमी के मेंटर नितिन कुमार नामदेव ने बताया कि 12 वर्षों में हमारे यहां से कोचिंग लेने वाले स्टूडेंट्स में से लगभग 200 का जज और 150 का अभियोजन अधिकारी पद पर चयन हुआ है। एडवोकेट नशीन ने अपने गाने की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने एक साथ गाना गाया। गीत-संगीत के अलावा छात्रों ने नृत्य पेश किया, साथ ही कविता पाठ भी किया।*

# वाणी की ध्वनि और तबले की ताल ने किया मंत्रमुग्ध, वायलिन से सजाई महफिल



रायपुर। कला केंद्र में सोमवार को पुणे से आए वीणा वादक कलाकार पं. सुभाष गोसावी और खैरागढ़ से आए बी. शरत के एकल तबला वादन की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उनकी संगत में वायलिन पर कार्तिक भारद्वाज ने कला केंद्र में अपने वादन से महफिल सजा दी। मां सरस्वती को प्रणाम कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद उस्ताद जाकिर हुसैन को याद कर सभी ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलाकारों ने कहा कि केंद्र के जरिए युवाओं की प्रतिभा को मंच देने का अच्छा प्रयास है। कार्यक्रम में अन्य कलाकार उपस्थित रहे।

### हर महीने होंगे आयोजन

आकांशा दुबे ने कार्यक्रम में मंच संचालन से समां को बांधे रखा और अपनी वाणी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में कला केंद्र संचालक राहुल ठाकुर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि आगे और भी कार्यक्रम कला केंद्र की ओर से आयोजित किए जाएंगे।

# शहीदी शबद के साथ साहेबजादों की याद में निकाली साइकिल रैली



रायपुर। तेरा सेवादल द्वारा हर साल की भांति चार साहेबजादों की शहादत की याद में साइकिल यात्रा स्टेशन रोड से दुर्ग बाबा दीपसिंग गुरुद्वारा तक निकाली गई। सुबह 8.30 बजे मुख्य ग्रंथी दया सिंह ने अरदास की। इसके पश्चात गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, तेरा सेवादल के अध्यक्ष बलविंदर सिंह कलसी, तेजिंदर सिंह होरा व इंदरजीत सिंह छाबड़ा ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इसमें आठ साल के बच्चों से लेकर बड़े, बुजुर्ग सभी शामिल रहे। यात्रा के दौरान ट्रक में लगे डीजे पर चार साहेबजादों की याद में शहीदी के शबद बजते रहे। इसमें लगभग 250 बच्चों ने हिस्सा लिया। यात्रा शाम 4.30 बजे दुर्ग गुरुद्वारा बाबा दीपसिंग पहुंचकर समाप्त हुई।

## कार्नर न्यूज

### यक्ष मूर्ति की प्रतिकृति और गांधीजी के तीन बंदर आर्कषण का केंद्र

# महंत घासीदास संग्रहालय में सालभर में आए 12000 दर्शक स्कूली बच्चे, कॉलेज स्टूडेंट और शोधार्थियों की रही भीड़

रायपुर। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय देश के सबसे प्राचीन संग्राहलयों में से एक हैं। इसमें कुल तीन तल हैं। पहले तल पर रिसेप्शन व फोटो गैलरी है। दूसरे तल पर अभिलेख, ताम्रपत्र, सिक्के आदि का संग्रह है, इसे सिरपुर तल के नाम से भी जाना जाता है। तीसरा तल मूर्ति दीर्घाओं का है। यहां पर एक संग्रहाध्यक्ष, दो वरिष्ठ मार्गदर्शक और आठ दीर्घा सहायक हैं। प्रदेश के सिरपुर, सिसदेवरी, रतनपुर, किरारी, मल्हार, सिरकट्टी, दुर्ग आदि जगहों से उत्खनन से प्राप्त ताम्रपत्र, सिक्के, अभिलेख और मूर्तियां आदि रखे गए हैं।



वहीं मध्यप्रदेश के जबलपुर के पुरातात्विक स्थल कारीतराई से प्राप्त मूर्तियां भी पर्याप्त संख्या में रखी गई हैं। संग्रहालय परिसर में सिरपुर के लक्ष्मणेश्वर मंदिर और भोरमदेव मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है। यहां पर नलवंशी, शरभपुरी और कल्चुरी राजाओं द्वारा जारी किए सिक्के, बनवाई गईं मूर्तियां और लिखवाए गए अभिलेख दर्शनीय हैं। यहां पर बौद्ध, जैन और हिंदू धर्म के देवी-देवताओं की मूर्तियां भी हैं।

- दिसंबर माह में सबसे ज्यादा लोग पहुंचे देखने
- रोचक तथ्य : महात्मा गांधी के जन्म से पहले के बने हैं अहिंसा के प्रतीक तीन बंदर
- एक नजर संग्रहालय के इतिहास पर

### संग्रहालय में 17000 पुरावशेष



यक्ष की मूर्ति की प्रतिकृति और बुरा मत कहो, बुरा मत सुनो, बुरा मत देखो, अहिंसा के प्रतीक स्वरूप विख्यात गांधीजी के तीन बंदर। प्रभात कुमार आगे बताते हैं, सिरपुर की खुदाई में प्राप्त ईंट, बौद्ध व बोधिसत्व की मूर्तियां और अभिलेख भी आर्कषण का केंद्र हैं। गांधीजी के तीन बंदर के नाम से विख्यात बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत कहो वाले तीन बंदरों की प्रतिमाएं यहां पर बनी हुई हैं। संग्रहालय में करीब 17000 पुरावशेष हैं।

## कैंपस लाइव

# छत्तीसगढ़ी संस्कृति और विरासत पर छात्र-छात्राओं ने उकेरी पेंटिंग



**रायपुर।** पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में वार्षिक प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन सर्वप्रथम स्पॉट पेंटिंग का आयोजन किया गया। स्पॉट पेंटिंग के विषय छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं विरासत पर विद्यार्थियों ने बस्तर ट्राइबल डांस, आदिवासी जनजाति, कर्मा नृत्य, गौरा-गौरी, जंवारा यात्रा आदि विषयों को अपने सधे हाथों एवं अद्भुत रंग संयोजन से जीवंत रूप देकर निर्णायकों को असमंजस में डाल दिया। प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल ने निम्न प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया, जिसमें माधवराज नागर प्रथम, दूसरे स्थान पर सुहानी सिन्हा, तीसरे स्थान पर नंदिनी शंकर रहीं।

### हाथों से सजाई पारंपरिक महंगी

दूसरे चरण में दोपहर 2 बजे से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक एवं अरेबिएन दोनों विधाओं में छात्राओं ने बेल, ढोल, हाथी, कमल, मोर आदि चित्रों को खूबसूरती के साथ मेहंदी से हथेलियों को सजाया। निर्णायक मंडल को विजेता चुनने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया, जिसमें साक्षी देवांगन, खुशबू शर्मा, रेणु सिरदार, दीप्ति साहू, ज्योति पटेल विजेता रहीं। चेयरमैन सुशील शुक्ला ने कहा कि आनंद मेला संग कराओके गायन के आयोजन को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## सिटी लाइव

# 12वीं के बाद कैरियर गाइडेंस, वित्तीय प्रबंधन और सेविंग हैबिट्स के दिए टिप्स



**रायपुर।** वाणिज्य के छात्र-छात्राओं के लिए वित्तीय प्रबंधन, सेविंग हैबिट्स एवं कैरियर गाइडेंस पर जिलाधीश ऋचा प्रकाश चौधरी एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा की पहल से एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 600 छात्र, छात्राएं तथा शिक्षक उपस्थित थे। कार्यशाला की शुरुआत में सीए अंकेश सिन्हा और सीए बनी श्रेया के साथ मिलकर छात्रों को सीए, सीयूईटी एवं कैरियर गाइडेंस के संबंध में बताया गया।

### आगे बढ़ने किया प्रेरित

कक्षा 12वीं के बाद वाणिज्य के क्षेत्र में बच्चे कैसे और आगे बढ़ सकते हैं इसकी भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य स्पीकर फाउंडर प्रोजेक्ट लक्ष्मी इनेश दत्त नागरिया द्वारा छात्रों को वित्तीय प्रबंधन एवं सेविंग हैबिट्स पर विस्तार पूर्वक समझाया गया। पावर पर्सनेलिटी कोच डॉ निहारिका सिंह द्वारा बच्चों को किस प्रकार अपने अंदर की क्षमता को उभार कर अपनी पर्सनालिटी में कॉन्फिडेंस को डेवलप करें और स्वावलंबी किस प्रकार बने ताकि जीवन में आने वाली हर बाधा को वे पार कर सके इस पर प्रकाश डाला।

## आराधना

# शनेश्वर धाम शनि मंदिर में हुआ सुंदर कांड का पाठ, भक्तों ने की विशेष पूजा



**रायपुर।** भगवती महिला मंडली द्वारा शनेश्वर धाम शनि मंदिर सड़क 33, सेक्टर 6 परिसर में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान आसपास के भक्त और समिति के सदस्यों ने उपस्थित होकर विधिवत पूजा-पाठ कर सुंदरकांड का पाठ किया। शनेश्वर धाम शनिमंदिर समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार शनिदेव की महाआरती की जाती है और महाप्रसाद वितरित किया जाता है।

### दिनभर पहुंचते रहे भक्त

समिति के सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह बबलू ने बताया कि मंदिर में महाप्रसाद वितरण पिछले 161 शनिवार से किया जा रहा है, कोई भी भक्तगण महाप्रसाद वितरित कराने मंदिर समिति के सदस्यों से संपर्क कर प्रसाद का वितरण करा सकते है। शनि मंदिर में प्रत्येक शनिवार को भक्तों का तांता सुबह से लेकर शाम तक लगा रहता है। शनिवार की शाम को महाआरती में शहर के गणमान्य जन उपस्थित होकर भक्ति भाव के साथ महाआरती में शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण करते है।

## राजधानी में क्रिसमस की तैयारी को दिया अंतिम रूप, गोशाला में स्थापित की जाएगी आकर्षक झांकी

# प्रभु यीशु के स्वागत में रंगबिरंगी रोशनी से जगमगाए 45 चर्च, कैंपस में सजाई चरनी

'शहर के गिरजाघरों में प्रभु यीशु के स्वागत में धूम मचने वाली है। इसके लिए रंगबिरंगी रोशनी से 45 चर्च रोशन किए गए हैं। इनमें शाम 5 बजे से ही उत्सव में शामिल होने वालों की भीड़ बढ़ रही है। इस बार व्यवस्था बनाने के लिए समाज के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। आगंतुकों के बीच इस बार भी आकर्षक चरनी में प्रभु यीशु की झांकी सजाई जाएंगी। चरनी सजाने का काम मंगलवार की शाम शुरू किया जाएगा।'





**रायपुर।** हर साल की तरह सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में हजारों लोग शामिल होने वाले हैं। क्रिसमस की खुशी को खास बनाने के लिए मसीही समाज के युवा पटाखों से धूम मचाएंगे। प्रार्थना सभा में ज्यादा से ज्यादा लोग फैमिली के साथ शामिल हो सकें, इसके लिए सभी चर्चों में व्यवस्था बनाई गई है। चर्च कैंपस अब विभिन्न तरह की रंगीन लाइटों से रोशन है। इनमें सोमवार की रात भी क्रिसमस ट्री सजाने के साथ ही प्रभु यीशु द्वारा दिए गए संदेश को भी चर्च की दीवारों पर खास तरीके से सजाया है। इस तरह का प्रयास युवाओं को परमात्मा द्वारा दिए गए संदेश से जोड़ने के लिए हर क्रिसमस पर करते हैं।

### रात 11 बजे से शुरू होगा उत्सव



बैरन बाजार स्थित सेंट जोसेफ चर्च के फादर जॉन जेवियर के अगवाई में क्रिसमस की तैयारी पूरी की गई है। जैसे ही रात के 11 बजेंगे, लगभग सभी चर्चों में आराधना शुरू होगी। मध्यरात्रि में परमात्मा का जन्म होने पर फादर बालक यीशु के प्रतिरूप को लेकर लोगों के समक्ष होंगे। इसके साथ ही प्रार्थना सभा मैरी क्रिसमस से गुंजायमान होगी। लोग खुशी मनाते हुए इस बार आतिशबाजी भी करने वाले हैं। आधी रात को केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को उत्सव का रूप दिया जाएगा। यह सिलसिला रात डेढ़ बजे तक इस बार चलेगा।

### चर्चों में होगी विशेष सभा

*शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाके के चर्चों में भी उत्सव मनेगा। मंगलवार की रात ही नहीं, बल्कि बुधवार सुबह भी सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना होगी। यह उन लोगों के लिए खास होता है, जो लोग क्रिसमस की रात होने वाली प्रार्थना का हिस्सा नहीं बन पाते हैं। इसमें प्रभु ने मानव कल्याण के लिए जो रास्ता दिखाया है, उसे पादरी द्वारा प्रार्थना सभा में लोगों को बताया जाएगा। इसके साथ कई चर्चों में कैरोल सिंगिंग होगी।*

### माता मरियम की गोद में यीशु

कापा, भनपुरी, टाटीबंध, जोरा, रावांभाठा में बनाई गई व्यवस्था के तहत लोगों को प्रभु यीशु के आने से जुड़ी बातों की जानकारी दी जाएगी। इसके पहले ही जन्म से जुड़ी मान्यता के तहत लोगों ने चर्च के बाहर गोशाला को आकार दिया है। इसे यीशु के जन्म के प्रतीक स्थल के रूप में सजाया गया है। गोशाला की झांकी में माता मरियम की गोद में यीशु की प्रतिमा को भी सजाया जाएगा। भेड़, बकरी और गड़रिए की प्रतिमाओं के बीच परमात्मा की अलग-अलग आकर्षक झांकी इस बार भी सजाने चरनी बनकर तैयार है।



### कैंडल जलाने सजाया है स्टैंड

*सभी चर्चों में पहले से की गई तैयारी रंग लाने वाली है। कैंपस में क्रिसमस की खुशी में कैंडल जलाने के लिए आने वाले मसीहीजनों की सुविधा के लिए कैंडल जलाने के लिए स्टैंड से लेकर हर तरह की तैयारी की गई है। क्रिसमस के दूसरे दिन चर्च परिसर में उत्सव का माहौल बनता है। इसमें हजारों की तादाद में लोग परिवार के साथ शामिल होते हैं। इसे देखते हुए लोगों को कैंडल जलाने, पेयजल, प्रार्थना सभा के लिए सारी तैयारी की गई है। इस बार भी लोगों को सुविधा देने के लिए युवाओं की टोली सहयोग करेगी।*

## दर्शन करने उमड़ा आस्था का सैलाब

# जीण माता महोत्सव में जन्म और हल्दी प्रसंगों पर भजनों की प्रस्तुति



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन भवन में आयोजित 15वां जीण माता महोत्सव श्रद्धा और आस्था के रंग में सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे प्रसिद्ध गायक निशा सोनी, कोलकाता द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। भजनों के माध्यम से दरबार में विराजे श्रीगणेश, शंकर भगवान, हनुमानजी और भैरवजी का आव्हान किया गया। धोए-धोए अंगना में हो... सिंह पे सवार मैया.... जैसे भक्तिमय भजनों से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जीण भवानी मैया के जन्म, मेहंदी, हल्दी और चुनरी जैसे प्रसंगों को भजनों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पंडाल में उपस्थित लगभग 3000 से अधिक श्रद्धालु पूरे उत्साह से भजनों पर झूम उठे और माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

### श्रद्धालुओं की आंखें नम

समिति के सुमित अग्रवाल के बताया कि दोपहर 2 बजे से पंजाब, अबोहर के भजन कलाकार राजू निरानिया एंड ग्रुप द्वारा मां जीण शक्ति मंगल पाठ की प्रस्तुति की गई। उनके द्वारा प्रस्तुत मां जीण भवानी शक्ति मंगलपाठ के दूसरे अध्याय में हर्ष भैरवनाथ और जीण भवानी के भाई-बहन के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। पूरे पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में डूब गए और कई की आंखें नम हो गईं।



### संस्कृति को सहेजने का प्रयास

समिति के प्रचार प्रसार मीडिया प्रभारी कैलाश मित्तल ने बताया कि यह महोत्सव भावी पीढ़ी को रीति-रिवाज, संस्कृति और आपसी भाईचारा सिखाने का एक माध्यम है। वहीं जीण माता के भक्तों के लिए एक विशेष अवसर बताया। महाआरती के बाद छप्पन भोग के प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री जीण माता सेवा समिति रायपुर के सुमित अग्रवाल, प्रताप सोनी, राजेंद्र चौधरी, वीनस अग्रवाल, रितेश खण्डेलवाल, नरसिंह अग्रवाल, आनंद सोनी, संदीप सोनी, अनुराग खण्डेलवाल, कमलेश सोनी का भरपूर योगदान रहा।

# उस्ताद जाकिर हुसैन की स्मृतियों को किया याद



**रायपुर।** कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में उस्ताद जाकिर हुसैन की स्मृति में एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से उस्तादजी को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत उस्ताद जाकिर हुसैन से जुड़ी स्मृतियों और उनके संगीत के अद्वितीय योगदान को साझा करते हुए की गई। इसके बाद तबला वादन की प्रस्तुति दी गई, जिसमें तीन ताल के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन किया गया। उज्जवल सिंह ठाकुर, अनिरुद्ध, अभिषेक और कमल लोचन साहू ने तीन ताल में कायदे, रेला और विभिन्न रचनाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के वरिष्ठ तबला प्राध्यापक एवं आकाशवाणी-दूरदर्शन के कलाकार डॉ. विद्यानाथ सिंह ने उस्ताद जाकिर हुसैन के प्रसाद स्वरूप मिले अद्भुत कायदों और टुकड़ों को प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### संगीत प्रेमियों ने लिया भाग

*हारमोनियम पर कमल लोचन साहू ने नगमा प्रस्तुत किया, जिसने तबला वादन को और भी मधुर बना दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संगीत प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समिति की सचिव शोभा खंडेलवाल की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उस्ताद जाकिर हुसैन के अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।*

## एयरपोर्ट पर कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा का आयोजकों ने किया भव्य स्वागत

# सिर पर 21 सौ माता-बहनों ने धारण किए मंगल कलश, आज से शिव महापुराण कथा का आगाज

कॉर्नर न्यूज

**रायपुर।** सेजबहार में 24 दिसंबर से शुरू होने वाली श्री शिव महापुराण कथा के लिए सजाए गए भव्य पंडाल में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा। जहां मंगलवार से कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से श्रद्धालु श्री शिव महापुराण कथा का अमृत पान कर सकेंगे। वहीं इससे पहले सोमवार को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा पंडाल से 21 सौ माता-बहनें सिर पर कलश धारण कर जहां मंगल यात्रा का हिस्सा बनीं, वहीं करीब दो किलोमीटर दूर स्थित तालाब से जल धारण करने के बाद वे भक्ति-भाव से वापस कथा स्थल पहुंचीं। जहां मंत्रोच्चार की गूंज के साथ कलश पूजा के बाद स्थापना की गई।



### पुख्ता सुरक्षा के बीच कलश यात्रा

*कलश यात्रा के दौरान महिलाओं की भीड़ और उत्साह देखने लायक था। सुबह 7 बजे से ही वे पीले रंग की साड़ी में कथा पंडाल में पहुंचने लगी थीं। कलश धारण करने वाली 21 सौ महिलाओं की भीड़ ने भी लोगों को रुकने के लिए विवश किया। आवाजाही प्रभावित न होने पाए, इसके लिए पुलिस अमले ने कई जगह बेरिकेडिंग की था। लोगों की सुविधा के लिए रूट डायवर्ट किया, ताकि धार्मिक अनुष्ठान में कोई परेशानी न होने पाए। इसमें आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भी सहयोग दिया।*

### अभी से पंडाल में जमे श्रोता

सेजबहार में तैयार किए गए भव्य पंडाल में मंगलवार से श्री शिव महापुराण की कथा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। इसे देखते हुए आयोजन समिति ने व्यवस्था संभाल रहे पदाधिकारियों को पार्किंग से लेकर भोग प्रसादी, पेयजल व्यवस्था और सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी दी है। आयोजन समिति के मेंबर आरके शुक्ला ने बताया कि जहां दो लाख से ज्यादा कथा श्रोताओं के लिए बैठक व्यवस्था है।

### विमानतल पर किया भव्य स्वागत



आयोजन समिति के कमल देवांगन, विनोद देवांगन, डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने दोपहर के बाद पं. प्रदीप मिश्रा के शुभ आगमन पर विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय विमानतल माना पर उनका भव्य स्वागत किया। इसमें लक्ष्मीनारायण देवांगन सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। वहां से महाराजजी को कथास्थल के पास उनके ठहरने के लिए तय स्थान तक काफिले के साथ लाया गया। यहां 21 ब्राह्मणों द्वारा वेद ध्वनि का पाठ करते हुए स्वस्तिवाचन किया गया। इस दौरान मौके पर शंख व घंटी बजाकर आरती की गई।

सिटी स्पोर्ट्स

## तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल में तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न हुई। सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भोपाल के रिटायर्ड आईजी विनीत खन्ना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने की। मंच पर आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी उपस्थित थे। मंच संचालन छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के सचिव प्रेमराज जाचक ने किया। प्रतियोगिता में ए. संतोष, संजय दुबे, पवन शादीजा, पीएन मजूमदार, एस. पेंढारकर, डॉ. भरत अग्रवाल (पुरुष वर्ग) तथा दिव्या आमदे, प्रमिला ठाकुर, रेणुका सुब्बा (महिला वर्ग) विजेता रहे।

## चंडीगढ़ पर भारी छत्तीसगढ़ 60 रनों से जीता मैच



**रायपुर।** बीसीसी आई द्वारा मेंस अंडर 23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच 23 दिसंबर को त्रिवेन्द्रम में चंडीगढ़ अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर पर 271 रन बनाकर आलआउट हो गई। छत्तीसगढ़ की ओर से आयुष पांडे ने सर्वाधिक 71 रन बनाए, वहीं आशीष डहरिया ने 58 रनों का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 121 रनों की साझेदारी की। उनके अतिरिक्त दीपक यादव ने 52 रनों की उपयोगी पारी खेली। चंडीगढ़ की ओर से जसकीरत सिंह ने 3 विकेट, अभिषेक तथा इवराज ने 2-2 विकेट लिए। 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ टीम ने 47.1 ओवर पर 10 विकेट खोकर 211 रन ही बनाए। चंडीगढ़ की ओर से अभिषेक सिंह ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। उनके अतिरिक्त देवांग तथा अक्षित ने 28-28 रन बनाए। छत्तीसगढ़ अंडर 23 टीम की ओर से देव आदित्य सिंह ने 4 विकेट तथा विजय यादव ने 3 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने मैच 60 रनों से जीत लिया।

## शशांक ने झटके 2 विकेट, छत्तीसगढ़ ने बढ़ाई बढ़त



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच 23 दिसंबर को विजयनगरम में चंडीगढ़ सीनीयर टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने चंडीगढ को 13 रनों से हराया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। चंडीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 322 रनों का विशाल स्कोर बनाया। चंडीगढ़ की ओर से शिवम ने सर्वाधिक 152 रन बनाए, वहीं तुषार जोशी ने 59 रन तथा एके कौशिक ने 51 नाबाद रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण तथा शशांक सिंह ने 2-2 विकेट लिए।

## सीनियर जूडो प्रतियोगिता में बीएसपी क्लब से 98 खिलाड़ी लेंगे भाग




**रायपुर।** भारतीय जूडो महासंघ के तत्वावधान में दिल्ली जूडो संघ द्वारा राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन केडी जाधव इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में 4 से 6 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता से ही आगामी 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए जूडो खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे। छग प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी और महासचिव एसआर सोनी की ओर से जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने उपरोक्त जानकारी देते हुए आगे बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ की टीम के लिए चयन स्पर्धा में अनलिमिटेड जूडो एकेडमी हाउसिंग बोर्ड भिलाई में की गई। चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए दुर्ग, रायपुर, बलौदाबाजार, भाटापारा, बिलासपुर, कोडागांव, रायगढ़ जिले के अलावा एवं बीएसपी जूडो क्लब के लगभग 98 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया।

न केवल सर्दियों की ठिठुरन को कम करती है, बल्कि दिनभर की थकान को भी करती है दूर

# सर्दी के मौसम में गर्म पानी से नहाएं जानिए इसके फायदे और अन्य जरूरी

*सर्दियों में ठंड से बचने के लिए गर्म पानी से नहाना एक आम आदत है, जो शरीर को आराम देने के साथ-साथ ठंड से राहत भी दिलाती है। यह आदत न केवल सर्दियों की ठिठुरन को कम करती है, बल्कि दिनभर की थकान को भी दूर करती है। इस लेख में हम सर्दियों में गर्म पानी से नहाने के फायदों और सावधानियों पर चर्चा करेंगे, ताकि आप इसका लाभ उठा सकें।*



### रक्त संचार बढ़ाने के लिए लाभदायक

गर्म पानी से स्नान करने पर शरीर का रक्त संचार बढ़ता है, जिससे मांसपेशियों को आराम मिलता है और थकान दूर होती है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जो दिनभर काम करके थक जाते हैं या जिनकी मांसपेशियां अकड़ जाती हैं। इससे शरीर में ऊर्जा का संचार होता है, जिससे आप तरोताजा महसूस करते हैं और मानसिक तनाव भी कम होता है। यह प्रक्रिया आपको अधिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव कराती है।

### त्वचा की देखभाल का ध्यान रखें

गर्म पानी से नहाने पर त्वचा की प्राकृतिक नमी कम हो सकती है, जिससे त्वचा रूखी हो सकती है। इसलिए, कोशिश करें कि बहुत ज्यादा गर्म पानी का उपयोग ना करें। हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल बेहतर होता है, ताकि त्वचा की नमी बनी रहे और कोई नुकसान ना हो। इसके अलावा, नहाने के बाद तुरंत मॉइस्चराइजर लगाएं, ताकि त्वचा की देखभाल हो सके और वह मुलायम बनी रहे। इससे आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार दिखेगी।

### ज्यादा देर तक गर्म पानी में न रहें

बहुत देर तक गर्म पानी में रहने से शरीर की ऊर्जा कम हो सकती है और आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं। इसलिए, स्नान का समय 10-15 मिनट तक सीमित रखना बेहतर होता है। इससे आप बिना अत्यधिक ऊर्जा खर्च किए ताजगी महसूस कर सकते हैं। लंबे समय तक गर्म पानी में रहने से त्वचा की नमी भी कम हो सकती है, जिससे त्वचा रूखी और बेजान लगने लगती है।

### सही तापमान चुनें

स्नान करते समय सही तापमान का चुनाव करना बेहद जरूरी है। बहुत ज्यादा गर्म या ठंडा पानी नुकसानदायक हो सकता है। गुनगुना या हल्का गर्म पानी सबसे अच्छा रहता है, क्योंकि यह शरीर को आराम देता है और किसी भी परेशानी से बचाता है। इससे आपकी त्वचा सुरक्षित रहती है और आप तरोताजा महसूस करते हैं। इसलिए सर्दियों में स्नान के लिए सही तापमान का ध्यान रखना चाहिए, ताकि आप बिना चिंता के गर्म पानी का आनंद ले सकें।

## हिचकी से राहत पाने के लिए इन तरीकों से इस्तेमाल करें डिल सीड ऑयल

हिचकी आना एक आम समस्या है, जो कभी भी और कहीं भी हो सकती है। इससे निपटने के कई तरीके हैं, लेकिन क्या आपने कभी डिल सीड ऑयल का इस्तेमाल करने के बारे में सोचा है? यह एसेंशियल ऑयल प्राकृतिक रूप से हिचकी को रोकने में मदद कर सकता है। डिल सीड ऑयल का इस्तेमाल करके आप हिचकी से राहत पा सकते हैं। आइए इसके कुछ खास इस्तेमाल और तरीके जानते हैं, जिनसे आप इसे आजमा सकते हैं।

### डिल सीड ऑयल की मालिश करें

हिचकी आने पर पेट पर हल्की मालिश करना बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए आप डिल सीड तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तेल को हल्का गर्म करके पेट पर गोलाकार गति में मालिश करें। इससे मांसपेशियों को आराम मिलेगा और हिचकी कम होगी। यह उपाय न केवल हिचकी को रोकने में मदद करता है, बल्कि पेट की अन्य समस्याओं से भी राहत दिला सकता है।



### पानी में मिलाकर पिएं

डिल सीड ऑयल को पानी में मिलाकर पीना भी एक अच्छा उपाय है। इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में 2-3 बूंदें डिल सीड ऑयल की डालें और धीरे-धीरे पिएं। यह उपाय आपके पाचन तंत्र को शांत करेगा और हिचकी से राहत दिलाएगा। इससे आपके पेट की मांसपेशियों को भी आराम मिलेगा, जिससे हिचकी जल्दी ठीक हो सकती है। इस विधि का उपयोग करने से आपको तुरंत राहत मिल सकती है और यह पूरी तरह से प्राकृतिक तरीका है।

**भाप लें :** भाप लेना भी हिचकी रोकने का एक असरदार तरीका हो सकता है। इसके लिए एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें 2-3 बूंदें डिल सीड तेल डालें। अब इस पानी से निकलने वाली भाप को अपने मुंह और नाक से अंदर लें।


## 2025 में शनि देव करेंगे मीन राशि में प्रवेश, इन की चमक सकती है किस्मत

वैदिक ज्योतिष मुताबिक शनि देव एक राशि में करीब 30 साल बाद गोचर करते हैं। आपको बता दें कि 2025 में शनि देव अपनी स्वराशि कुंभ राशि से निकलकर मीन में प्रवेश करेंगे, जहां पर ये आने वाले सालों में करीब ढाई वर्षों तक इसी राशि में संचरण करेंगे। शनिदेव को 29 मार्च 2025 को मीन राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन राशियों को करियर और कारोबार में तरक्की मिल सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी है



**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए शनि देव का राशि परिवर्तन लाभप्रद सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से तीसरे भाव पर संचरण करेंगे। साथ ही वह आपकी राशि से धन भाव के स्वामी हैं। इस दौरान आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। साथ ही आकस्मिक धनलाभ के योग बनेंगे। वहीं इस अवधि में आपको रुका हुआ पैसा मिल सकता है। साथ ही नौकरी व कारोबार करने वालों को लाभ प्राप्ति के कई मौके मिलेंगे और धन प्राप्ति के नए नए मार्ग भी मिलेंगे। गोचर काल में आप खुद का मकान या फ्लैट भी प्राप्त कर सकते हैं।

**मिथुन राशि :** शनि देव का गोचर मिथुन राशि के जातकों को शुभ फलदायी साबित हो सकता है क्योंकि यह गोचर आपकी राशि से कर्म भाव पर होने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। साथ ही बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। वहीं खुद का बिजनस करने वालों को गोचर काल में विशेष फायदे मिलेंगे और आप अपने बिजनस को नई ऊंचाइयों पर ले जा पाने में सक्षम भी होंगे। साथ ही नौकरीपेशा लोगों की इस अवधि में पदोन्नति हो सकती है। वहीं नौकरी करने वाले इस अवधि में नई नई चीजें सीखेंगे और अपने कार्यों से अधिकारियों का विश्वास जीतने में सफल होंगे। साथ ही पिता के साथ संबंध मजबूत रहेंगे।



## केवल रस्सी कूदने के बजाय करें रस्सी कूद डबल अंडर्स ये है बेहतरीन कार्डिओ

रस्सी कूदना एक पुरानी एक्सरसाइज है, जो दिल की सेहत को बेहतर बनाती है। रस्सी कूद डबल अंडर्स करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह कार्डियो वर्कआउट को नया आयाम देता है। इसमें रस्सी को हर छलांग पर 2 बार घुमाया जाता है, जिससे सहनशक्ति और संतुलन का परीक्षण होता है। यह दिल की धड़कन बढ़ाने के साथ-साथ कैलोरी जलाने में भी मदद करता है। आइए इस एक्सरसाइज से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें जानते हैं।

### रस्सी कूद डबल अंडर्स करने का सही तरीका

रस्सी कूद डबल अंडर्स करने के लिए आपको सही लंबाई की रस्सी चुननी होगी। जब आप रस्सी पर खड़े होते हैं, तो उसके हैंडल आपकी छाती तक पहुंचने चाहिए। शुरुआत में गति धीमी रखें और धीरे-धीरे गति बढ़ाएं। अपने हाथों को शरीर के पास रखें और केवल कलाईयों का उपयोग करके रस्सी घुमाएं। छलांग लगाते समय अपने पैरों को ज्यादा ऊंचा न उठाएं। इस तकनीक को अपनाकर आप इस एक्सरसाइज में महारत हासिल कर सकते हैं।

### रस्सी कूद डबल अंडर्स के फायदे

रस्सी कूद डबल अंडर्स करने के कई फायदे हैं, जो इसे एक खास कार्डियो एक्सरसाइज बनाते हैं। यह आपके हृदय स्वास्थ्य को सुधारती है और सहनशक्ति बढ़ाती है। इसके अलावा, इस एक्सरसाइज से कैलोरी भी जलती हैं, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। यह पैरों और पेट की मांसपेशियों की ताकत भी बढ़ाती है। नियमित रूप से इसका अभ्यास करने पर आपका संतुलन बेहतर होता जाता है और शरीर की चर्बी कम होती जाती है।



### रस्सी कूद डबल अंडर्स करते समय बरतें ये सावधानियां

रस्सी कूद डबल अंडर्स करते समय कुछ सावधानियां बरतना जरूरी होता है, ताकि चोट लगने का खतरा कम हो सके। सबसे पहले सुनिश्चित करें कि आप सपाट सतह पर ही अभ्यास कर रहे हों, ताकि फिसलने या गिरने का डर न रहे। इसके दौरान अच्छे जूते पहनें, जो आपके पैरों को पर्याप्त समर्थन दे सकें। शुरुआत में धीरे-धीरे अभ्यास करें, ताकि मांसपेशियों पर अचानक दबाव न पड़े और चोट लगने का खतरा कम हो जाए।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

SM@RT
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office,
Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
Fire Detection
Boom Barrier Gate Automn
Audio Conf
Smart Class Set up
Walky Talky
Smart Interative Panle

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

पिकनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
बारनावापारा, सिरपुर में पिकनिक प्रति व्यक्ति केवल 650/- में
नाश्ता - दोपहर का लंच, शाम की चाय (मिनिमम 50 व्यक्तियों हेतु)
आओ और अपने परिवार और मित्रों के साथ एक यादगार दिन बिताएं!
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now ▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
भामरा गार्डन बारनवापारा
9589386162

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर


GK TMT सपनों को जीके देखो
श्रीनाथ ट्रेड लिंक के सौजन्य से
दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड डुंडा, रायपुर
मो. 98271-34515 89592-22666
लकी ड्रॉ 31 मार्च 2025 को
150 बंडल जीके टीएमटी की खरीदी पर आकर्षक उपहार
प्रथम प्राइस 265 लीटर डबल डोर फ्रिज
द्वितीय प्राइस टॉप लोड वाशिंग मशीन
अन्य प्रतिभागी जो 150 बंडल टीएमटी उठा चुके हैं उनके लिए अन्य आकर्षक उपहार

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 79871 19756, 90981 38778

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 2024 में वैश्विक बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में शीर्ष पर पहुंची डिज्नी



घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ डॉलर की कमाई करने वाला डिज्नी अब एक और नया रिकॉर्ड बना चुका है। ताजा अनुमानित रिपोर्ट्स के अनुसार वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। कुल मिलाकर, डिज़्नी की विश्वव्यापी कमाई अब 506 करोड़ डॉलर तक पहुंच गई है। इसमें 205.4 करोड़ डॉलर उत्तरी अमेरिका और 300.6 करोड़ डॉलर अंतर्राष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस से आए हैं। डिज्नी का दावा है कि 2024 में यह मील का पत्थर पार करने वाला यह एकमात्र स्टूडियो है। यह पहली बार है जब किसी भी स्टूडियो ने 2019 के बाद से वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार किया है। अगर आंकड़ों पर ध्यान दिया जाए तो यह छठी बार है जब डिज्नी ने 2010 के बाद वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर की कमाई की है। इस साल डिज्नी के लिए सबसे बड़ी फिल्म पिक्सर की 'इनसाइड आउट 2' रही, जो अब तक 169.9 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह फिल्म न केवल इस साल की सबसे बड़ी फिल्म बनी है, बल्कि यह दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म भी बन गई है। इसके बाद 'मार्वल' की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' है, जिसने 138.8 करोड़ डॉलर की कमाई की है।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल अब किसी भी फिल्म का नहीं करेंगे निर्देशन



मोहनलाल अपनी फिल्म 'बारोज' की वजह से चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म को लेकर कई दिलचस्प बातें बताईं। इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि भविष्य में वह किसी फिल्म का निर्देशन नहीं करने वाले। मोहलाल की निर्देशन में बनी फिल्म 'बारोज' की रिलीज में अब सिर्फ कुछ दिन ही बाकी हैं। हाल ही में इस दिग्गज अभिनेता ने खुलासा किया कि 'बारोज' के बाद वह किसी भी फिल्म का निर्देशन नहीं करेंगे। गलाटा प्लस से बात करते हुए मोहनलाल ने कहा कि 'बारोज' उनकी पहली और आखिरी निर्देशन वाली फिल्म होगी। उन्होंने फिल्म के निर्देशन का कारण भी बताया और कहा कि उनका मूल विचार थ्रीडी फिल्म बनाने का था, जिसे बिना थ्रीडी चश्मे के देखा जा सके। मोहनलाल ने कहा कि आमतौर पर लोग थ्रीडी फिल्में देखने के बाद सिर दर्द की शिकायत करते हैं, लेकिन 'बारोज' के प्रीव्यू शो में ऐसा नहीं हुआ। मोहनलाल ने पहले एक ऐसी थ्रीडी फिल्म बनाने का विचार किया था, जिसे बिना चश्मे के देखा जा सके, लेकिन यह काफी महंगा था। मोहनलाल ने कहा कि वह असंभव चीजों को करने का शौक रखते हैं और इसी कारण उन्होंने 'बारोज' का निर्देशन करने का निर्णय लिया। अभिनेता ने कहा कि फिल्म को बनाते समय सबकुछ सही तरीके से होता चला गया। फिल्म की एक दिलचस्प जानकारी यह है कि 'बारोज' की टीम ने हॉलीवुड के दिग्गज संगीतकार हैंस जिमर से संपर्क किया था, ताकि वह फिल्म का संगीत तैयार कर सकें।

### भोजपुरी

## 'चंद्रकांता', 'करिया मर्द गोर मेहरारू' और 'पराया आप' की शूटिंग शुरू



सुपरस्टार यश कुमार तीन बड़ी फिल्में 'चंद्रकांता', 'करिया मर्द गोर मेहरारू' और 'पराया आप' की शूटिंग शुरू हो चुकी है और इन्हें लेकर पहले से ही खूब बातें हो रही हैं। कहा जा रहा है कि ये फिल्में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर तले तीन बड़ी फिल्मों 'चंद्रकांता', 'करिया मर्द गोर मेहरारू' और 'पराया आप' की शूटिंग जोर-शोर से इन दिनों गुजरात में चल रही है। इन फिल्मों में यश कुमार मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि इस फिल्म का निर्माण वे निधि मिश्रा के साथ मिलकर कर रहे हैं। । बात अगर करें यश कुमार की 'चंद्रकांता' की तो, इस फिल्म में उनके साथ सपना चौहान, तृषा कर मधु, प्रीति मौर्या, अमित शुक्ला और अनीता रावत जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आने वाले हैं। यह फिल्म एक अद्भुत प्रेम कहानी और रहस्यमय घटनाओं पर आधारित है। रुस्तम अली चिश्ती के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कैमरे की जिम्मेदारी जहांगीर सैयद ने संभाली है। वहीं, 'करिया मर्द गोर मेहरारू' एक मनोरंजक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें यश कुमार के साथ सपना चौहान, अनीता रावत, अमित शुक्ला, शाहिद संस, विमलेश कुमार सिंह, प्रिया शुक्ला, प्रिया राय, राधे मिश्रा, संजीव मिश्रा, नीतू यादव और महेश आचार्य जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही तीसरी फिल्म 'पराया आप' है। यह एक ऐसी भावनात्मक कहानी है, जो दर्शकों को रुलाने और उनकी आत्मा को छूने का वादा करती है।

---

साड़ी के लिए लेटेस्ट और ट्रेंडी ब्लाउज डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो जाह्नवी कपूर से लेकर नीता अंबानी के इन ब्लाउज डिजाइन को जरूर कॉपी कर लें। साड़ी के लिए हटके ब्लाउज डिजाइन चाहती हैं तो इन सेलेब्स अप्रूव डिजाइन को भी जरूर देख लें। गॉर्जियस दिखने के साथ ही ये लेटेस्ट और डिजाइनर भी हैं। जिसे पहनकर ना केपल आप अट्रैक्टिव दिखेंगी, बल्कि हर कोई आपके लुक की तारीफ भी करेगा। तो जरा नीता अंबानी से लेकर जाह्नवी कपूर के इन ब्लाउज डिजाइन को जरूर कॉपी कर लें। डिजाइनर लुक चाहती हैं तो मार्केट में आसानी से कॉर्सेट डिजाइन के ब्लाउज मिल जाएंगे। जिसे आप कटरनी कैफ की तरह साड़ी के साथ मैच कर पहनें और गॉर्जियस लुक पाएं।




## मौसम के बदलते ही कटने-फटने लगे हैं होंठ... घर पर रोजाना करें यह उपाय

त्वचा की तरह होंठों की भी केयर करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए हम आए दिन नए-नए प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं। बदलते मौसम में अक्सर होंठ कटने और फटने लगते हैं। ऐसे में इनकी देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको महंगे प्रोडक्ट्स नहीं बल्कि घरेलू ट्रीटमेंट ज्यादा असरदार साबित हो सकती हैं। तो आइये जानते हैं कटे-फाटे होंठों को मुलायम बनाने और ड्राईनेस को कम करने का आसान नुस्खा। साथ ही, बताएंगे इन चीजों से मिलने वाले होंठों को फायदे क्या हैं?



### इन चीजों का करें इस्तेमाल

कच्चा दूध, गुलाब जल, शहद

इस घरेलू उपाय से मिलने वाले होंठों को फायदे

होंठों को हाइड्रेटेड बनाने का करता है काम

लिप्स को मॉइस्चराइज करने में मददगार

### होंठों की देखभाल करने का घरेलू उपाय क्या है?

सबसे पहले एक बाउल में कच्चा दूध डालें।

इसमें थोड़ा सा गुलाब जल और आधा चम्मच शहद मिला लें।

इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके होंठों पर लगा लें।

इसे 15 मिनट लगे रहने के बाद कॉटन की मदद से हटा लें।

इसे आप रात के समय इस्तेमाल कर सकती हैं।

रोजाना इसे होंठों पर लगाने से ड्राईनेस कम होने लगेंगी।

## ऑफिस की न्यू ईयर पार्टी में स्टाइल करें ये फुल स्लीव्स वाली ड्रेसेस

फैशन



नए साल के स्वागत में ऑफिस में न्यू ईयर की पार्टी का आयोजन होता है और इस पार्टी में ऑफिस के सभी लोग शामिल होते हैं। इस पार्टी में सभी महिलाएं स्टाइलिश लुक चाहती हैं। इसके लिए वो बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप भी ऑफिस की किसी न्यू ईयर की पार्टी में शामिल हो रही हैं और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप फुल स्लीव्स वाली ड्रेस इस मौके पर पहन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस ठंड के मौके पर आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेंगी तो वहीं इस ड्रेस में आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

**फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेस :** ऑफिस की न्यू ईयर की पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस फ्लोरल प्रिंट में है और पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप हील्स साथ ही ज्वेलरी में आप चेन टाइप नेकलस वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल सकती है।


**वी-नेक पफ स्लीव्स मैक्सी ड्रेस :** इस तरह की वी-नेक डिजाइन वाली पफ स्लीव्स मैक्सी ड्रेस भी आप न्यू ईयर की पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस डार्क कलर में है और वि नेक डिजाइन के साथ पफ स्लीव्स में आती है। इस ड्रेस के साथ आप स्टाइलिश जूती साथ ही सिंपल ज्वेलरी वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस को आप कई सारे कलर मौजूद हैं। पफ स्लीव्स में आप इस तरह की मिडी ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस लाइट कलर में और न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है।

**बटनडाउन शर्ट मिडी ड्रेस :** अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की बटनडाउन शर्ट स्टाइल मिडी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की मिडी ड्रेस न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आप सबसे अलग नजर आएंगी। इस ड्रेस को आप बाजार व ऑनलाइन भी ले सकती हैं। इस ड्रेस के साथ हील्स या लेस वाली फ्लैट्स वियर कर सकती हैं।

## शॉर्ट हेयर में भी पा सकती हैं स्टाइलिश लुक, ट्राई करें ये यूनिक हेयर स्टाइल

अधिकतर महिलाओं के साथ ऑउटफिट, मेकअप और एक्सेसरीज के बाद जो सबसे ज्यादा मुश्किल काम आता है, वो होती है हेयरस्टाइल। जिसको लेकर हम सबसे ज्यादा कंफ्यूज रहते हैं। अधिकतर लोगों को लगता है कि छोटे बालों में हम ज्यादा अच्छी हेयर स्टाइल नहीं बना सकते हैं, लेकिन ऐसा सोचना एकदम गलत है। आज हम आपको को शार्ट हेयर से बनने वाली कुछ यूनिक हेयर स्टाइल लुक्स दिखाएंगे। जिनको आप भी आसानी से घर पर या पार्लर से बनवा सकती हैं।

**साइड पार्ट सॉफ्ट कर्ल :** यदि आपके हेयर कट शोल्डर तक है, तो आप उसके साथ इस तरह से साइड पार्ट कर्ल करवा सकती हैं। यदि आपका फेस पतला है, तो उस पर ये लुक काफी सूट करेगा। लहंगे और साड़ी दोनों तरह के ऑउटफिट संग आप इसे ट्राई कर सकती हैं। लेफ्ट साइड की तरफ आप कोई हेयर एक्सेसरीज भी लगा सकती हैं। इससे आपका लुक और ज्यादा खूबसूरत नजर आएगा।



### पौनी विद कर्ल लुक

छोटे बालों के लिए इस तरह की पौनी विद कर्लीहेयर स्टाइल भी बेस्ट रहती हैं। इसमें आपको बालों को अच्छी तरह नीचे की ओर से कर्ल करना है। इसके बाद पिंक की मदद से टक करके पौनी बना देनी हैं। पौनी के बीच में आप कोई सर्कल शेप वाला कल्चर लगा सकती हैं। साइड में छोटे छोटे बीड्स चिपका सकती हैं। इस तरह आप एक परफेक्ट हेयर स्टाइल शार्ट हेयर में क्रिएट कर पाएंगी। इसे आप पानी पार्लर वाली को दिखा कर भी बना सकती हैं।


### नार्मल बन लुक

आप शार्ट हेयर में ऐसा नार्मल बन हेयर स्टाइल भी ट्राई कर सकती हैं। ऐसे बन काफी स्टाइलिश और मॉडर्न लुक देते हैं। आप या तो इसके बीच में साड़ी के मैचिंग की कोई हेयर एक्सेसरीज लगा सकती हैं। इसके अलावा आप इस बन को चारों तरफ से फूलों या गजरे से कवर करें।

## पार्टी आउटफिट के साथ स्टाइल करें ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी, दिखेंगी सबसे अलग

लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए जरूरी है कि आप सही तरीके से सभी चीजों को स्टाइल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आपके अंदर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप आउटफिट के हिसाब से ज्वेलरी को वियर करें। ज्वेलरी में भी आपको कई सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे आप अच्छे से आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी पहनने के बाद ज्यादा अच्छी लगेगी।

**हसली करें वियर :** आप अपने पार्टी आउटफिट के साथ हसली को वियर कर सकते हैं। हसली पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक और भी ज्यादा



अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की हसली को आप डीप नेकलाइन डिजाइन वाले आउटफिट के साथ वियर करें। इससे आपका लुक ही बदल जाएगा। साथ में बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट करें। इसके साथ मैचिंग इयररिंग्स को स्टाइल करें। इस तरह के जब आप इस ज्वेलरी को वियर करेंगी, तो अच्छी लगेंगी। मार्केट में इस तरह की हसली डिजाइन वाली ज्वेलरी आपको 200 से 250 रुपये में मिल सकती है।

**लॉन्ग नेकलेस सेट :** अगर आप टी शर्ट और श्रग को स्टाइल कर रही हैं, तो इसके साथ आप इस ज्वेलरी डिजाइन को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक और भी ज्यादा अच्छा नजर आएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये आउटफिट लुक को इंडियन टच देगी। इसी वजह से ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। मार्केट में इस तरह की ज्वेलरी आपको आसानी से मिल भी जाएगी। जिसे वियर करके आप लुक को परफेक्ट बना पाएंगी।

### कार्नर न्यूज

### पहाड़ों के मौसम के हिसाब से लॉन्ग कोट बेस्ट ऑप्शन होता है

## वेकेशन के लिए पहाड़ों पर जा रही हैं घूमने तो इन आउटफिट्स को बैग में रखना न भूलें

बाहर घूमने जाना हम सभी को पसंद होता है। ऐसे में सबसे पहले हमारे दिमाग में शॉपिंग का ख्याल आता है। इसके लिए हम पहले जगह का मौसम देखते हैं। फिर अपने लिए कपड़ों की खरीदारी करते हैं। अगर आप भी इस बार सर्दी में कहीं पहाड़ों पर जानें का प्लान कर रहे हैं, तो अपने बैग में इन आउटफिट्स को जरूर रखें। इससे आपका लुक ही अच्छा लगेगा। साथ ही, आपको ज्यादा कपड़ों के बारे में सोचना नहीं पड़ेगा।



### हुडी के साथ पैंट करें स्टाइल

अगर आपको कमफर्टेबल साथ ही ठंड से बचना है, तो ऐसे में आप हुडी के साथ पैंट को वियर कर सकती हैं। इस तरह का लुक काफी अट्रैक्टिव नजर आता है। साथ ही, आउटफिट स्टाइल करने के बाद अच्छा दिखाई देता है। इसके साथ आप बूट्स को वियर करें। हेयर स्टाइल को सिंपल तरीके से क्रिएट करें। आपका पूरा लुक कंप्लीट हो जाएगा। साथ ही, आप सुंदर नजर आएंगी।

### जैकेट के साथ डेनिम करें स्टाइल

अगर आप ठंड से बचना चाहती हैं, तो बेस्ट है कि आप वेकेशन के लिए जैकेट रखना न भूलें। ऐसा इसलिए क्योंकि जैकेट से आप ठंड से बची रहेंगी। साथ ही, आप पूरे लुक को अच्छे से क्रिएट कर पाएंगी। इसके साथ आप अंदर इनर या हाईनके पहन सकती हैं। इसके साथ आपको अलग से टोपी लेने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे ही आपका पूरा लुक कंप्लीट हो जाएगा। साथ ही, आप अच्छी नजर आएंगी।



### लॉन्ग कोट और बूट्स करें स्टाइल

आप स्टाइलिश लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप इन आउटफिट डिजाइंस को बैग में जरूर रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि पहाड़ों के मौसम के हिसाब से लॉन्ग कोट बेस्ट ऑप्शन होता है। साथ ही, इसके साथ बूट्स स्टाइल करने के बाद अच्छे लगते हैं। कोट आप किसी भी कलर का खरीद सकती हैं। वहीं बूट्स आप ब्लैक खरीदें वो हर आउटफिट के साथ पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इस तरह के आउटफिट्स से पूरा लुक अच्छा दिखाई देता है।